रोहतक
शनिवार, 20 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 174
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 38.4
न्यून. 27.4

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,604.65 | 738.81 ▼ |
| निफ्टी | 24,530.90 | 269.95 ▼ |

| धातु | कीमत | सस्ता |
|---|---|---|
| सोना | 75,650/- | 750/- ▼ |
| चांदी | 93,000/- | 1000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)


| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 83.66 | 3 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 85.05/ बैरल | 0.07% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।


एस. एन. प्रकाश
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हस्पताल
शुभारंभ
21 अगस्त 2024
प्रातः 9 बजे से
POSITION REQUIRES
1. Jr. Resident Doctors Essential-MBBS
2. Consultant
i) Medicine
ii) Surgery
iii) Gynae
3.Nursing Staff GNM/B.Sc.-4
4. Supporting Staff+
5. Security Staff
6. Marketing-5
7. PRO-2
8. Advertisement Staff-5
9.Administrator-1
Email Your Resume
drsureshknandal@gmail.com
M. 93556 10566
OPD 9 Am to 3 PM IPD 24 Hours
Medicine
मेडिसन विभाग
Suegery
शल्य चिकित्सा विभाग
Gynae & Obstetrics
स्त्री एवं बाल रोग विभाग
Geriatric Medicine
वृद्धावस्था रोग


Opp. Gas Godown, Old Sunderpur Road, Near Jind Bypass Chowk, Rohtak

Electronics Hub
INTER SOLAR
Since 1997
India's Most Advanced Solar Systems
बीवी ने मांगी अंगूठी आपने दिलवाया पूरा सैट

SOLAR PLANT PATI KO BANAYE DILDAAR
SAVING BADHAYE DILDAAR BANAYE!
Commercial, Industrial and Residential
You can save upto 80% on your electricity bill with a
SOLAR POWERED HOUSE
RESIDENTIAL SOLAR SUBSIDY
upto Rs. 78,000

Get the best deal on Solar in this 2024 Residential Subsidy Scheme
डीलर बनने के लिए भी सम्पर्क करें
ELECTRONICS HUB
Sheela Bye-Pass Road, Near Sagar Villa, Rohtak
M. : 9896450685, 9315156677

RISHIKUL COLLEGE (SKT)
AFFILIATED TO M.D. UNIVERSITY, ROHTAK
बी.ए., करें
शास्त्री (बी.ए.)
(Regular Classes, Weekend Classes Online/Offline Classes & Notes are Available)
- SC/ST छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा।
- हॉस्टल व बस पास सुविधा।
- नियमित व दूरस्थ कक्षाओं का विशेष प्रबन्ध।
- सभी कक्षाओं के नोट्स का विशेष प्रबन्ध।
- 60 प्रतिशत से अधिक अंक आने पर छात्राओं को 7000/-प्रतिवर्ष छात्रवृति
- शत-प्रतिशत रोजगार की गारंटी।
- कार्यरत व्यक्ति, गृहिणी एवं अपनी उन्नति के इच्छुक कोई भी स्त्री-पुरूष प्रवेश ले सकते है।

81999-94101, 81999-94105
Prem Nagar, Durga Colony, DN Chowk, Rohtak

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत PM-JAY
+ पोजीट्रोन
सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल
हृदय रोग विभाग

छल्ले डालना
एंजियोग्राफी
बाईपास सर्जरी
आयुष्मान भारत पर मुफ्त ईलाज
आयुष्मान भारत, हरियाणा सरकार, ECHS पैनल व सभी TPA उपलब्ध है
Sector-35, Suncity, Rohtak
85710 81699, 01262-663000


GURUKUL VISHWABHARTI
GURUKUL HIGH SCHOOL
Affiliated to CBSE, English Medium Residential School
Affiliation No. 531114
दयानन्द भवन
ADMISSION
OPEN
5th to 10+2
Non-Med., Med., Com. & Art.
GURUKUL
ONLY FOR BOYS
शैक्षणिक गतिविधियाँ
कम्प्यूटर प्रयोगशाला
इंटरनेट सहित स्मार्ट क्लासेस
नियमित अध्यापक-अभिभावक गोष्ठी
IIT, NDA, NEET की फाउंडेशन क्लासेस
सभी विषयों की पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय
बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील
अंग्रेजी, हिन्दी व संस्कृत प्रशिक्षण के लिए भाषा अभ्यास
गणित कक्ष
सुविधा युक्त छात्रावास
प्रतिदिन संध्या-हवन हेतु यज्ञशाला
शुद्ध दूध के लिए निजी गौशाला
हरियाणा सरकार द्वारा संचालित कबड्डी एवं वॉलीबॉल खेल नर्सरी।
आचार्य हरि दत्त उपाध्याय
संस्थापक
आचार्य नन्दकिशोर आर्य
निदेशक
E-mail : gurukulbhaiyapur@yahoo.com I Website: www.gurukulvishwabharti.com
Gohana Bypass, Bhaiyapur Ladhot Road, Rohtak
Contact No. 9466436220, 9817704401


PROUD MOMENT FOR HARYANA
ISRO
INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
SELECTS
PATHANIA PUBLIC SCHOOL
FOR
Interaction with ISRO Scientists
LIVE ROCKET LAUNCHING Demo
SPACE SCIENCE EXHIBITION
27th to 29th JULY, 2024 from 9:00 am to 5:00 pm
VENUE :
PATHANIA WORLD CAMPUS
इसरो isro
Vikram Sarabhai Space Exhibition
Space Applications Centre
ISRO
Ahmedabad


hartron
ISO 9001 : 2015
NCVET
कौशल गुणवत्ता प्रगति
Enhance your talent...
Hartron
SKILL CENTRE
COMPUTER EDUCATION & TRAINING CENTRE
HARTRON
SKILL CENTRE
FOR
COMPUTER EDUCATION & TRAINING CENTRE
Authorised Centre of
Haryana State Electronics Development Corporation Limited, Chandigarh
(A State Govt. Undertaking)
Website : www.hartron.org.in
PGDCA - LEVEL:5
Postgraduate Diploma In Computer Application
DCA - LEVEL:4
Diploma In Computer Application
DCAA - LEVEL:4
Diploma in Computer Aided Accounting
CCDL - LEVEL:3
Certificate Course In Digital Literacy
CCCBA - LEVEL :3
Certificate Course In Computer Basics and Accounting
Above IDBI Bank, Opp. Pt. Neki Ram College, Power House Chowk, Rohtak I M. : 8929411222, 7206002575


!! जय श्री बाला जी महाराज !!
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
M.B.B.S. (FROM RUSSIA)
PERM STATE MEDICAL UNIVERSITY
योग्यता: 12th PCB 60% NEET Clear
अगले हो सकते हैं आप ?
PRINCE SAINI
SHUBHAM SAINI
NANCY SAINI
NIDHI SAINI
VIKRAM TANWER
हरियाणा सरकार व UGC से मान्यता प्राप्त NIILM University Kaithal से B.Voc प्रोग्राम के तहत पहले 50 छात्रों को फीस में 10,000 प्रतिवर्ष की छूट। फीस 2 किश्तों में अदा करें।
BACHELOR OF VOCATIONAL IN HEALTH SANITARY INSPECTOR
BACHELOR OF VOCATIONAL IN NURSING ASSISTANT
BACHELOR OF VOCATIONAL IN PHYSIOTHERAPY
BACHELOR OF VOCATIONAL IN OPRATION THEATORE
BACHELOR OF VOCATIONAL IN OPTHALMIC ASSIST
BACHELOR OF VOCATIONAL IN MEDICAL LAB. TECH.
BACHELOR OF VOCATIONAL IN MEDICAL X-RAY TECH.
BACHELOR OF VOCATIONAL IN COMMUNITY MEDICA SERVICES (BCMS & ED)
नोट :- 10वीं, 12वीं आधारकार्ड, 8 फोटो के साथ अतिशीघ्र सम्पर्क करें।
राज्य सरकार व UGC से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी फीस में 50% की विशेष छूट सीमित समय के लिए TGU द्वारा संचालित कोर्स सभी सरकारी सेवा में मान्य।
PHYSIOTHERAPY (DPT, BPT, MPT)
HEALTH SANITARY INSPECTOR (DHSI)
OPERATION THEATRE TECH. (DOTT, BOTT)
MEDICAL LAB. TECH. (DMLT, BMLT, MMLT)
MEDICAL X-RAY TECH. (DMRIT, BMRIT)
OPHTHALMIC ASSISTANT (DOA, BOA)
DIPLOMA IN VETERINARY PHARMACY (DVP)
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY (DAP)
DIPLOMA IN HOMEOPATHY PHARMACY (DHP)
T.B. HEALTH VISITOR (TB & HV)
CMS & ED, BCMS & ED (3 Years)
DENTAL LAB TECH. (DLT)/ DENTAL TECH. (DDTE
YOGA & NATUROPATHY (DNYS, BNYS)
व अन्य सभी दूसरे पेरामेडीकल के कोर्सिज की जुलाई में परीक्षा देकर कोर्स पूरा करें व निकलने वाली भर्ती में योग्य बनें।
1. B.A.M.S, B.H.M.S, B.N.Y.S.
2. NURSING (ALL COURSES)
3 PHARMACY (D/B.PHARMA)
अति शीघ्र आवश्यकता है
1. G.N.M. (TEACHER) - 2
2. MEDICAL LAB. TECH. (TEACHER)-2
जो थ्योरी व प्रेक्टिकल दोनों करवा सके।
3 PEON (FEMALE) - 2
4. COMPUTER TEACHER (FEMALE)-2
आज ही अपने प्रमाण-पत्रों के साथ स्वयं आकर सम्पर्क करें।
आज ही सम्पर्क करें : Dr. S.K. Saini (Director) E-mail : drsks83@gmail.com
41/29, चाणक्यपुरी, नजदीक शीला सिनेमा, रोहतक - 9254233221 (Whatsapp & Calling Number)

रोहतक

शनिवार, 20 जुलाई 2024

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 174
पृष्ठ 16 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 38.4
न्यून. 27.4

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,604.65 | 738.81 ▼ |
| निफ्टी | 24,530.90 | 269.95 ▼ |

| धातु | कीमत | सस्ता |
|---|---|---|
| सोना | 75,650/- | 750/- ▼ |
| चांदी | 93,000/- | 1000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 83.66 | 3 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 85.05/ बैरल | 0.07% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






## अंदर के पन्नों पर


- सिख कौम की कुर्बानियों पर देशवासियों को गर्व — पेज-2
- कांवड यात्रा पर सरकार के आदेशों पर विवाद — पेज-9


## खबर संक्षेप

### इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट में 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** इलेक्टोरल बॉन्ड का मामला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। एनजीओ कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन ने बॉन्ड के लेनदेन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। इस पर 22 जुलाई को सुनवाई होगी। कोर्ट ने कहा, मामले से जुड़ी याचिकाओं को एक साथ सुनेंगे। एजेंसी

### यूपी के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य फरार घोषित

**लखनऊ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और उनकी पूर्व सांसद बेटी संघमित्रा को एमपी एमएलए कोर्ट ने फरार घोषित कर दिया है। बिना तलाक लिए धोखाधड़ी करके विवाह करने के मामले में दायर केस में लगातार पेशी पर नहीं आ रहे हैं। आने के बाद कोर्ट ने आदेश जारी किया है। दीपक कुमार स्वर्णकार ने की शिकायत पर केस चल रहा है। एजेंसी

### चिनाब ब्रिज पर 15 अगस्त को पहली ट्रेन चलेगी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के रियासी में बने दुनिया के सबसे ऊंचे स्टील आर्च ब्रिज पर स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को पहली ट्रेन चलेगी। संगलदान से रियासी के बीच चलने वाली यह ट्रेन सर्विस उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस ब्रिज पर 20 जून को ट्रेन का ट्रायल रन हुआ था। इससे पहले 16 जून को ब्रिज पर इलेक्ट्रिक इंजन का ट्रायल हुआ था। एजेंसी

## क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं 15 घंटे ठप रहीं, बैंक, शेयर बाजार व मीडिया भी प्रभावित

# हिल गई पूरी दुनिया, जमीन पर विमान, फंसे रहे लोग

**भारत में 56 उडानें रद**
**माइक्रोसॉफ्ट के एज्योर क्लाउड व माइक्रोसॉफ्ट 365 सर्विसिज में परेशानी, कंपनी ने कहा, ठीक कर रहे**

भाषा ▶▶| वेलिंगटन

माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में दिक्कत के कारण सभी सेवाएं ठप हो गई और कुछ ही देर में पूरी दुनिया हिल गई। दुनियाभर में एयरलाइंस, टीवी टेलिकास्ट, बैंकिंग और कई कार्पोरेट कंपनियों के कामकाज पर असर पड़ा है। सिस्टम ब्लू स्क्रीन में आने के बाद रीस्टार्ट हो रहे हैं। ये समस्या एंटीवायरस क्राउडस्ट्राइक के अपडेट के बाद आई। अमेरिका, ब्रिटेन और भारत सहित कई देशों में करीब 1400 फ्लाइटें रद हुई हैं। 3,000 विमानों ने देरी से उड़ान भरी। भारत में इंडिगो, स्पाइसजेट एयरलाइन्स ने बताया कि उनकी बुकिंग, चेक-इन व फ्लाइट अपडेट सर्विस प्रभावित हुई है। बोर्डिंग पास हाथ से लिखकर दिए जा रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट में व्यापक व्यवधान के कारण दुनिया भर में उड़ानों, बैंक, मीडिया संस्थानों और कंपनियों का कामकाज प्रभावित हुआ। कई घंटे तक व्यवधान कायम रहने के बाद प्रौद्योगिकी कंपनी ने कहा है कि वह धीरे-धीरे माइक्रोसॉफ्ट 365 एप और सेवाओं तक पहुंच को प्रभावित करने वाली समस्या को ठीक कर रही है। इंटरनेट रुकावटों पर नजर रखने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने बताया कि वीजा, एडीटी सिक्योरिटी, अमेजन तथा अमेरिकन एयरलाइंस और डेल्टा समेत विभिन्न एयरलाइन के कामकाज में व्यवधान बढ़ा है। ऑस्ट्रेलिया में समाचार संस्थानों ने बताया कि एयरलाइंस, दूरसंचार सेवाएं और बैंक व मीडिया संस्थानों में कंप्यूटर सिस्टम पर कामकाज नहीं हो पा रहा। एक सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं 15 घंटे ठप रहीं। इसके कारण कंपनी को 19.25 खरब का नुकसान झेलना पड़ा।



- दुनियाभर में इंटरनेट सेवा बाधित, 1400 फ्लाइटें रद
- भारत में इंडिगो, स्पाइसजेट की बुकिंग नहीं हो पाई
- 3,000 से अधिक विमानों ने देरी से उड़ान भरी
- माइक्रोसॉफ्ट को 19.25 खरब का नुकसान

**भारत और अमेरिका में 147 उड़ानें रद रहीं**

*एक बग और 50 साल पीछे चली गई दुनिया*

•

*एंटीवायरस अपडेट ने एयरलाइन से शापिंग मार्केट तक सब ठप किया*



*भारत में सबसे ज्यादा असर एयरपोर्ट पर देखा गया। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता समेत देश के एयरपोर्ट पर भारी भीड़ देखी गई। चेकइन और चेकआउट में परेशानी आई।*



*दुनियाभर में कंप्यूटर अपने आप रिस्टार्ट होने लगे और स्क्रीन ब्लू हो गई। ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ की रिपोर्ट दिखाई दी। यह एक तरह का क्रिटिकल एरर स्क्रीन है*

### माइक्रोसॉफ्ट 365 ने कहा

माइक्रोसॉफ्ट 365 ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि कंपनी 'प्रभावित ट्रैफिक को वैकल्पिक प्रणालियों पर पुनर्निर्देशित करने पर काम कर रही है, ताकि अतिशीघ्रता से प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सके' और वे 'सेवा उपलब्धता में सकारात्मक रुझान देख रहे हैं।'

### गड़बड़ी की वजह क्या

कंप्यूटर सिस्टम को साइबर अटैक और वायरस से बचाने के लिए विंडोज बेस्ड कंप्यूटर में क्राउडस्ट्राइक नाम के सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल होता है। यह एंटीवायरस सॉफ्टवेयर है। क्राउडस्ट्राइक माइक्रोसॉफ्ट के विंडोज बेस्ड सिस्टम्स के लिए एंटीवायरस सॉफ्टवेयर है। गुरुवार रात को क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर ने एक अपडेट रिलीज किया, जिसने विंडोज कंप्यूटर में अचानक गड़बड़ी पैदा कर दी।

**कितनी उड़ानें प्रभावित**

| देश | रद |
|---|---|
| अमेरिका | 512 |
| जर्मनी | 92 |
| भारत | 56 |
| इटली | 45 |
| कनाडा | 21 |

### क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म है माइक्रोसॉफ्ट ऐज्योर

माइक्रोसॉफ्ट ऐज्योर क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म है। ये एप्लिकेशन और सर्विसेज को बनाने, डिप्लॉय और मैनेज करने का काम करता है। वहीं माइक्रोसॉफ्ट 365 प्रोडक्टिविटी सॉफ्टवेयर है, जिसमें वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट, आउटलुक और वन नोट जैसे लोकप्रिय एप्लिकेशन शामिल हैं।

## ट्रांसफार्मर चोरी या खराब होने पर किसानों को नहीं देना होगा शुल्क

**प्रदेश सरकार का अहम फैसला**
पहले किसानों को कीमत की 20% राशि देनी होती थी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में अहम फैसला लिया है। अब ट्रांसफार्मर के चोरी या खराब होने पर किसानों से शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह निर्देश तत्काल लागू होंगे। पहले उपभोक्ताओं द्वारा ट्रांसफार्मर के वारंटी में खराब/चोरी होने पर उसकी कीमत का 20 प्रतिशत तथा वारंटी खत्म होने पर बदलने की स्थिति में ट्रांसफार्मर की कीमत का 10 प्रतिशत शुल्क जमा करवाया जाता था। हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 15 जनवरी को अधिसूचित एचईआरसी विद्युत आपूर्ति संहिता विनियमन, 2014 में संशोधन किया गया है।

## मानव तस्करी : एनआईए ने लगातार दूसरे दिन बहादुरगढ़ में की पूछताछ

**एक दिन पहले गिरफ्तार आशीष और साहिल को दिल्ली ले गई टीम**

**बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** मानव तस्करी और साइबर धोखाधड़ी के मामले में एनआईए की टीम शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बहादुरगढ़ पहुंची। इस मामले में पकड़े गए दोनों आरोपितों के मकानों पर टीम गई और परिजनों से पूछताछ की। पूछताछ के बाद दोनों आरोपितों आशीष और साहिल को दिल्ली ले गई। वहीं, परिजनों ने अपने-अपने बच्चों को निर्दोष बताया है। दरअसल, लाओस और अन्य दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में मानव तस्करी और साइबर धोखाधड़ी के मामले में चंद दिनों पहले एनआईए ने 4 आरोपितों को पकड़ा था। इनमें बहादुरगढ़ के साहिल और आशीष भी शामिल हैं। साहिल मूलतः रोहतक से है और कई वर्षों से बहादुरगढ़ के सुभाष नगर में रह रहा है। सेक्टर-7 के आशीष का पैतृक गांव रुड़की रोहतक है।

### दोनों आरोपित दोस्त, दिल्ली में करते थे काम

आशीष और साहित दोस्त हैं। दोनों की उम्र करीब 24 साल है। साहिल ने मैकेनिकल तो आशीष ने इलेक्ट्रोनिक्स ट्रेड से डिप्लोमा किया। दोनों ने एक साल का कंप्यूटर कोर्स भी किया है। साहिल करीब 9 माह से दिल्ली में काम पर जाता था। कंप्यूटर पर काम करने के बदले उसे 20000 रुपये मिलते थे और लोगों के विदेश जाने पर इंसेटिव अलग मिलता था। असल काम क्या करता था, ये अभी तफ्तीश का विषय है। आशीष की मां राजेश देवी का कहना है कि एनआईए की टीम आई थी। कुछ देर तक ठहरी और परिवार, कामकाज आदि के सिलसिले में पूछताछ के बाद चली गई।



## नीट-यूजी मामला : रिम्स की एमबीबीएस छात्रा गिरफ्तार

**सीबीआई की कड़ी कार्रवाई**
प्रश्नपत्र हल करने के आरोप,छात्रा सॉल्वर मॉड्यूल का हिस्सा

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीबीआई ने शुक्रवार को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के प्रथम वर्ष की एमबीबीएस छात्रा को कथित तौर पर सॉल्वर मॉड्यूल का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया, प्रश्नपत्र हल करने वाला ये गिरोह एक इंजीनियर के साथ मिलकर काम कर रहा था, जिसने नीट-यूजी प्रश्नपत्र चुराए थे। सीबीआई ने दो दिनों की विस्तृत पूछताछ के बाद सुरभि कुमारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि कुमारी 'सॉल्वर मॉड्यूल' की पांचवीं सदस्य थी, जो पंकज कुमार द्वारा चुराए गए प्रश्नपत्र को हल करने के लिए पांच मई की सुबह नीट-यूजी परीक्षा के दिन हजारीबाग में मौजूद थी।

**लोगों को मिलेगी बड़ी राहत**

## सूबे में अवैध कॉलोनियां होंगी वैध, प्रस्ताव पारित

**चंडीगढ़(ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार शहरवासियों को तोहफा देने की तैयारी में है। शहरी निकाय विभाग ने निकायों की पुरानी सीमा की छोटी-बड़ी सभी तरह की अवैध कालोनियों को वैध करने का प्रस्ताव पास कर दिया। सीएम नायब सिंह सैनी ने प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। अब निकायों की पुरानी सीमा में एनडीसी सरलीकरण हो गया। इस सीमा में आने वाली प्रॉपर्टी की एनडीसी मिलने में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आएगी। एनडीसी लेकर कोई भी व्यक्ति तहसील में रजिस्ट्री करा सकता है। अब शहरों में सिर्फ 7 ए के तहत आने वाली निकायों की पुरानी सीमा के बाहर की अवैध कालोनियों में ही एनडीसी का झंझट रहेगा।

### पुरानी सीमा के अंदर कालोनियां वैध

शहरी निकाय विभाग ने निकायों की पुरानी सीमा के अंदर की सभी अवैध कालोनियों को वैध कर दिया है। यानी पुरानी सीमा में अब रजिस्ट्री कराने में किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं रहेगी। इनमें 2021 में शहरी आबादी में काटी गई कालोनियां भी शामिल हैं। वहीं, एचएसवीपी सेक्टर के साथ लगती एरिया और लाल डोरा क्षेत्र में रजिस्ट्री शुरू हो गई। पुराने शहर में डेवलपमेंट चार्ज माफ किया जा चुका और पुराने हाउस टैक्स में 15 फीसदी की माफी की गई है।

**यूपीएससी ने दर्ज करवाई शिकायत**

## खेडकर पर जालसाजी के आरोप में केस दर्ज



**नई दिल्ली (भाषा)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने शुक्रवार को परिवीक्षाधीन आईएएस पूजा खेडकर के खिलाफ कई कार्रवाई शुरू की, जिनमें फर्जी पहचान के जरिए सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराना शामिल है। आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा-2022 के लिए उनकी उम्मीदवारी रद करने और भविष्य की परीक्षाओं में शामिल होने से रोकने के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। सूत्रों ने बताया कि आयोग ने दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा में खेडकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।





डुअल फ्रंट SRS एयरबैग्स, ABS विद EBD एवं प्रीटैंशनर फोर्स लिमिटर (PTFL) सभी टोयोटा कारों पर स्टैंडर्ड हैं।

GLOBE TOYOTA : Ambala: NH-22 Ph: 9807680680, 9729549128; Jind: Rohtak Road Ph: 9807680680, 9729549128; Kaithal: Ambala Road Ph: 9807680680, 9729549128; Karnal: G.T. Road Ph: 9807680680, 9729549128; Panipat: Tehsil Samalkha Ph: 9807680680, 9729549128; Yamunanagar: Tehsil Jagadari Ph: 9807680680, 9729549128; Gohana: Sonipat Road Ph: 8396088858, 8396088836; Naraingarh: Kala Amb Road Ph: 9729549120; Narwana: Opp. Nehru Park Bus Stand Road Ph: 9254985288; MALIK TOYOTA : Hisar: Chandigarh Road NH-65 Ph: 9996788826, 9996788829, 9996788832; Sirsa: Dabwali Road Ph: 8572888801, 8572888880, 8572888881; Fatehabad: Hisar-Sirsa Road Ph: 8572888830 Tohana: Ratia Road Ph: 9996788839; SATYAM TOYOTA : Bahadurgarh: Delhi-Rohtak Road Ph:01276-224100, 8295908030; Rohtak: Hisar Road Ph: 01262-243400, 8813088123; Bhiwani: Bhiwani-Rohtak Road Ph: 8813999573; Charkhi Dadri: Loharu Road Ph: 8813999573; Tosham: Bhiwani-Tosham Road Ph: 8813999573; Meham: Rohtak-Meham Road Ph: 8813999573; Narnaul: Singhana Road Ph: 8813999573; Jhajjar: Jhajjar-Rewari Road Ph: 8295908030; THIRTY SIX TOYOTA : Palwal: Delhi Mathura Road NH-22 Ph: 8199900186, 8199900187; Hodal: Main Market Ph: 8826600836; Hathin: Raja Ji Market Ph:7988274475; Tigaon: Bhuapur Ph: 8800790130

* Terms & conditions apply on all schemes & offers. Offer valid till 31st July, 2024. Scheme inclusive of Exchange and Corporate/Government/Exclusive Community/Extended Warranty/Other benefits. Scheme applicable on select stocks & variants. Finance at the sole discretion of Financier. Exchange Benefits applicable at U Trust locations only. **Fuel efficiency as certified by Test Agency under rule 115 of CMVR, 1989 under standard Test Conditions. Actual Mileage on road may vary. ^Ex-showroom Price. #Complimentary 3 years /1 00 000 km Manufacturer Warranty + 2 years Extended Warranty. Accessories shown may not be part of standard equipment.

# पंचकूला में 'केजरीवाल की गारंटी लॉन्च' करेंगी सुनीता

## किसानों पर लाठी बरसाने वालों को वीरता पुरस्कार दे रही सरकार : गुप्ता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने हरियाणा की जनता के साथ पिछले 10 सालों से धोखा करने का काम किया है। बीजेपी सरकार ने शुरू से किसानों को प्रताड़ित करने का काम कर रही है। किसानों पर लाठी बरसाने वाले और उन पर आंसू गैस के गोले छोड़ने वाले पुलिस अफसरों को बीजेपी वीरता पुरस्कार देने की तैयारी कर रही है। डीजीपी ने लेटर लिखकर अफसरों को गैलेंट्री अवार्ड देने की सिफारिश की है। इस दौरान बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता संजय दत्त के चचेरे भाई युवराज दत्त ने अपने समर्थकों व एडवोकेट गोविंद दास रंगा और उनकी पत्नी मेमो देवी, पूर्व कांग्रेस नेता अनिल शर्मा भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

■ बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त के चचेरे भाई युवराज दत्त सहित कई लोग पार्टी में शामिल



चंडीगढ़। आप प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता के साथ पार्टी के नेता।


### पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व अन्य नेता मौजूद रहेंगे

डॉ सुशील गुप्ता ने कहा कि शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुनीता केजरीवाल पंचकूला में अरविंद केजरीवाल की गारंटी लॉन्च करने के लिए आ रही हैं। इस दौरान उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ संदीप पाठक भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा हरियाणा की पूरी लीडरशिप भी मौजूद रहेगी।

### इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में जुटेंगे नेता

प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि सुनीता केजरीवाल हरियाणा की जनता को आम आदमी पार्टी की पहली गारंटी देंगी। 20 जुलाई को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में दोपहर 1 बजे टाउन हॉल प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। जिसमें हरियाणा के हर जिले से लोग आएंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा की सभी 90 सीटों पर मजबूती से तैयारी कर रही है। उसी कड़ी में सुनीता केजरीवाल हरियाणा की जनता को पहली गारंटी देने का काम करेंगी। उसके बाद पूरे हरियाणा में कैसे कार्यक्रम किए जाएंगे उनकी भी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ आम आदमी पार्टी की हर दो विधानसभा अनुसार लगभग 45 बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार 750 से ज्यादा किसानों की शहादत पर एक शोक प्रस्ताव तो पारित नहीं कर पाई। प्रधानमंत्री मोदी ने एमएसपी का झूठा वादा करके आज तक संसद में एक शब्द नहीं बोला। परन्तु किसानों पर झूठे केस लगाकर गिरफ्तार करने का काम किया।

# कांग्रेस जनता की डिमांड पर तैयार करेगी घोषणा-पत्र



■ 20 अगस्त तक सम्मेलनों के माध्यमों से जनता से सीधा संवाद करेगी कांग्रेस पार्टी

चंडीगढ़। कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनावों में जनता की डिमांड और मुद्दों के आधार पर घोषणा-पत्र तैयार करेगी। घोषणा-पत्र तैयार करने को लेकर कांग्रेस नेता न केवल जनता से सीधा संवाद करेंगे, बल्कि हर वर्ग के सम्मेलनों के जरिये उनकी समस्या व मुद्दों को भी प्रमुखता के साथ घोषणा-पत्र में शामिल किया जाएगा। हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के साथ आगामी 20 अगस्त तक अलग-अलग वर्गों के सम्मेलन होंगे, जिनमें उनकी डिमांड व मुद्दों को प्रमुखता दी जाएगी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने बातचीत के दौरान बताया कि कांग्रेस की ओर से जनता की डिमांड के अनुरूप घोषणा-पत्र तैयार किया जाएगा, ताकि उनकी सभी मांग व मुद्दों को प्रमुखता के आधार पर पूरा किया जा सके। कांग्रेस द्वारा मुद्दों और जनता की मांगों का त्वरित हल करने वाला घोषणा पत्र पेश किया जाएगा। घोषणा-पत्र तैयार करने को लेकर सभी नेता जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं। सम्मेलनों के साथ-साथ समाज के प्रबुद्ध लोगों से भी रायशुमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में जनता की भावनाओं का ध्यान रखा जाएगा।

## 102 नशा तस्करों की लगभग 48 करोड़ 34 लाख की संपति फ्रीज

चंडीगढ़/पंचकूला। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओप सिंह द्वारा चलाए जा रहे नशा तस्करों की कमर तोड़ अभियान में हरियाणा पुलिस व हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के समन्वित प्रयास रंग ला रहे है। प्रदेश पुलिस ना कि सिर्फ आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक कर रहे है बल्कि सरकारी विभागों, आमजन तक पहुंच रहे है। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके अलावा भी प्रदेश पुलिस गांव-गांव में जाकर लगातार युवाओं को नशे से जागरूक कर रही है। विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024 में अभी तक 19 नशा तस्करों की लगभग 2 करोड़ 66 लाख की प्रापर्टी फ्रीज की गई है। जबकि पिछले पूरे साल 2023 में 16 नशा तस्करों की लगभग 13 करोड़ की सम्पत्ति सीज हुई थी। इसके अलावा नशा तस्करों की कमर तोड़ अभियान में वर्ष 2023 से अभी तक राज्य सरकार की अनुमति से 59 नशा तस्करों के खिलाफ एक साल नज़रबंद के आदेश हो चुके हैं और 47 की फाइल विभाग द्वारा तैयार कर राज्य सरकार को भेजी जा रही है। हरियाणा पुलिस एवं हरियाणा एनसीबी का सिर्फ एक ही सपना है कि हरियाणा राज्य नशामुक्त हो। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों, कालेजों एवं यूनिवर्सिटी में लगभग 20 लाख युवाओं को जागरूक किया गया है।


**Horticulture Department (Haryana)**

Demonstration cum Food Processing centre,
Old court road, near Yoga Aashram Sirsa
E-mail- ftsirsa@gmail.com

**सील्ड बंद कुटेशन सूचना**

प्रशिक्षण कार्यकमों के दौरान स्टेशनरी के सामान की व्यवस्था के लिए कुटेशन सूचना।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खाद्य प्रोद्यौगिकी प्रयोगशाला, सिरसा पर वर्ष 2024-25 में महिलाओं के लिए साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यकमों के संचालन के दौरान स्टेशनरी की व्यवस्था करने के लिए निम्न विवरण अनुसार कुटेशन आंमत्रित है-

| Sr. No. | Stationary Particular | Description | Rate (in Rs) | G.S.T. | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Plastic Folder | Plastic Button Cover | | | |
| 2. | Pen | Ball point pen | | | |
| 3. | Writing Pad | 20-25 Page | | | |
| 4. | Certificate (For Training) | A4 (210mmX 297mm), 250GSM ART card Single side Print | | | |
| | | Total- | | | |

उपरोक्त कार्य के लिए इस कार्यालय में अनुबंध करने के इच्छुक व्यक्ति अथवा फर्म अपनी प्रति व्यक्ति न्यूनतम दरें जी.एस.टी सहित मोहरबंद आवरण फर्म के लैटर हेड पर पूर्णतः भरे हुए सील्ड बंद लिफाफ में दिंनाक 23.07.2024 सांयः 5:00 बजे तक उपरोक्त प्रर्फोमा अनुसार भरकर इस कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। फर्मों से प्राप्त सील्ड बंद कुटेशन दिनांक 24. 07.2024 को कमेटी द्वारा खोली जाएगी। फर्म का रजिस्ट्रेशन न०, जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन न०, पैन न० व बैंक पासबुक की प्रति लगाना अनिवार्य है। कुटेशनों को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार खाद्य तकनीशियन, सिरसा के पास सुरक्षित होगा। कुटेशनों का आंकलन कमेटी द्वारा जांचने उपरांत पाई गई सबसे कम मूल्य वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन / निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत करने के सभी अधिकार खाद्य तकनीशियन, सिरसा की आंकलन कमेटी के पास होगें। जिस फर्म की दरें न्यूनतम होगी, आर्डर उसी फर्म को दिया जाएगा। दरें वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए वैध रहेंगी। उपरोक्त प्रोफार्मा में दर्शाए गए सामान की गुणवत्ता निम्न स्तर की स्वीकार नहीं होगी। निविदा के विषय में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यालय दिवस (सोमवार से शुकवार) पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**नोटः-** अनुबंध से संबधित शर्तें कार्यालय से प्राप्त करने उपरांत उस पर हस्ताक्षर करके कुटेशन / निविदा के साथ कार्यालय में जमा करवानी होगी। बिना शर्तों के कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।

पीआरडीएच-1149/11/645/2025/28029/88/6 दि. 19.07.24


## कावड़ यात्रा 22 जुलाई से शुरू होगी और 2 अगस्त तक चलेगी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने शिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ियों की सुरक्षित यात्रा एवं सद्भाव बनाने के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं , इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने शुक्रवार इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर हरियाणा के अनेक श्रद्धालु हरिद्वार से कांवड़ लेकर आते हैं। अधिकतर श्रद्धालु यमुनानगर के रास्ते से कावड़ लेकर आते हैं। शिव भक्तों/कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध करने के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई से 2 अगस्त तक चलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह से सतर्क है। जिला यमुनानगर में भी कावड़ यात्रियों को लेकर अधिकारियों ने बैठक तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सिख कौम की कुर्बानियों व वीरता पर देशवासियों को गर्व : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री संत कबीर कुटीर में लोगों को संबोधित किया


चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को श्री दरबार साहिब का स्वरूप भेंट करते सिख समाज के प्रतिनिधि।


नई दिल्ली। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की।

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने न केवल सिख गुरुओं की, बल्कि समाज के अन्य महापुरुषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाने के लिए संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार-प्रसार योजना आरंभ की है। इस प्रकार की योजना चलाने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने निवास संत कबीर कुटीर पर आए सिख समाज के लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम अपने गुरु साहिबान की शिक्षाओं को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्प हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख कौम बहादुर है, जिसने धर्म की रक्षा के लिए सिर कटा दिये, लेकिन झुके नहीं। इस कौम की कुर्बानियों तथा वीरता पर सभी भारतवासियों को गर्व है।

■ गुरुओं ने सद्भाव, सहनशीलता, भाईचारे का संदेश दिया

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले मुख्यमंत्री नायब सैनी

नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम आवास पर शुक्रवार को हुई मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने हरियाणा में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से अग्निवीर व प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा के अग्निवीरों को प्रदेश सरकार द्वारा बडा लाभ देने का फैसला किया गया है। अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों की भर्ती में 10 प्रतिशत होरीजेनटल आरक्षण का लाभ व आयु में 5 और 3 साल की नियामानुसार छूट, रोजगार के लिए 5 लाख तक ऋण बिना ब्याज देने सहित विभिन्न फैसले लिए गए है।

### कांग्रेस ने की प्रशिक्षण समन्वयकों की नियुक्ति

चंडीगढ़। कांग्रेस की ओर से विस चुनाव के लिए हरियाणा में प्रशिक्षण समन्वयकों की नियुक्ति की है। पार्टी ने सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों के लिए समन्वयक बनाए हैं। इस क्रम में तरुण शर्मा अंबाला, शम्मी रत्ती को सिरसा, बसंत अहलावत को हिसार व रोहतक, डॉक्टर गीता रानी रमेश कुमार को करनाल, मुकेश पन्नालाल को सोनीपत, श्याम शर्मा को कुरुक्षेत्र, अरुण शर्राफ को भिवानी, डॉ. अनिल पवार को गुरुग्राम और राहुल वशिष्ठ को फरीदाबाद की जिम्मेदारी दी गई है।

### किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन देने का निर्णय

चंडीगढ़। सरकार ने 27 जून, को लिए गए निर्णय के अनुसार राज्य में ऐसे सभी किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जाने हैं जिन्होंने 1 जनवरी, 2022 से 31 दिसंबर, 2023 तक आवेदन किया हुआ है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. साकेत कुमार ने बताया कि उन्होंने 11 जुलाई, 2024 को ऐसे सभी पात्र आवेदकों को मांग पत्र जारी करने के दिशा निर्देश पारित कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि पहले की तरह 10 बीएचपी तक के ट्यूबवेल कनेक्शन हरेडा द्वारा सोलर मोड पर तथा 10 बीएचपी से ऊपर और 35 बीएचपी तक के ट्यूबवेल कनेक्शन बिजली विभाग द्वारा जारी किए जाएंगे।


**Horticulture Department (Haryana)**

Demonstration cum Food Processing centre,
Old court road, near Yoga Aashram Sirsa
E-mail- ftsirsa@gmail.com

**सील्ड बंद कुटेशन सूचना**

प्रशिक्षण व सेमिनार कार्यक्रमों के दौरान जलपान एवं भोजन की व्यवस्था के लिए कुटेशन सूचना।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खाद्य प्रोद्यौगिकी प्रयोगशाला, सिरसा पर वर्ष 2024-25 में महिलाओं के लिए साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन के दौरान जलपान एवं भोजन की व्यवस्था करने के लिए निम्न विवरण अनुसार कुटेशन आंमत्रित है-

| क्रमांक | विवरण | खादय वस्तुएं | दर (रूपये) | G.S.T. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जलपान | मैंगो फ्रूटी (160 ml) | | | |
| | | भुजिया 35 ग्राम (हल्दी राम या बीका जी) | | | |
| | | भुजिया 70 ग्राम (हल्दी राम या बीका जी) | | | |
| | | बिस्कुट (50 ग्राम) | | | |
| | | Total - | | | |
| 2. | दोपहर का भोजन | मटर पनीर या मिश्रित मौसमी सब्जी, दाल या राजमा, रायता या दही, चावल, चार चपाती सलाद व मावा बर्फी या कलाकंद | | | |
| | | Total - | | | |

उपरोक्त कार्य के लिए इस कार्यालय में अनुबंध करने के इच्छुक व्यक्ति अथवा फर्म अपनी प्रति व्यक्ति न्यूनतम दरें जी.एस.टी सहित मोहरबंद आवरण फर्म के लैटर हेड पर पूर्णतः भरे हुए सील्ड बंद लिफाफ में दिंनाक 23.07.2024 सांयः 5:00 बजे तक उपरोक्त प्रर्फोमा अनुसार भरकर इस कार्यालय में जमा करवा सकते है। फर्मों से प्राप्त सील्ड बंद कुटेशन दिनांक 24. 07.2024 को कमेटी द्वारा खोली जाएगी। फर्म का रजिस्ट्रेशन न०, जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन न०, पैन न० व बैंक पासबुक की प्रति लगाना अनिवार्य है। कुटेशनों को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार खाद्य तकनीशियन, सिरसा के पास सुरक्षित होगा। कुटेशनों का आंकलन कमेटी द्वारा जांचने उपरांत पाई गई सबसे कम मूल्य वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन / निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत करने के सभी अधिकार खाद्य तकनीशियन, सिरसा की आंकलन कमेटी के पास होगें। जिस फर्म की दरें न्यूनतम होगी, आर्डर उसी फर्म को दिया जाएगा। दरें वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए वैध रहेंगी। यदि कोई फर्म एक ही उत्पाद के लिए कुटेशन आमंत्रित करती है तो फर्म की कुटेशन स्वीकार होगी। उपरोक्त प्रोफार्मा में दर्शाए गए सामान की गुणवत्ता निम्न स्तर की स्वीकार नहीं होगी। निविदा के विषय में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यालय दिवस (सोमवार से शुक्रवार) पर सम्पर्क कर सकते है।

**नोटः-** अनुबंध से संबधित शर्तें कार्यालय से प्राप्त करने उपरांत उस पर हस्ताक्षर करके कुटेशन / निविदा के साथ कार्यालय में जमा करवानी होगी। बिना शर्तों के कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।

पीआरडीएच-1149/11/647/2025/28031/88/6 दि. 19.07.24



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | अम्बाला जिले में आवासीय एक्मॉडेशन के साथ-साथ 50 बिस्तर से 100 बिस्तर तक सिविल हॉस्पीटल नारायणगढ़ का अपग्रेडेशन, सी.एम. घोषणा कोड सं. 10020 (4 अदद लिफ्टों का प्रावधान)। | 18.07.2024 27.07.2024 | 80.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में नये सचिवालय का निर्माण, (एलएएन और ईपीएबीएक्स का प्रावधान) + 1 कार्य। | 16.07.2024 22.07.2024 | 52.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | जिला परिषद फतेहाबाद | गांव कमालवाला में नरवाना-टोहाना रोड से जीपीएस तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी एच-4521) + 3 कार्य। | 16.07.2024 23.07.2024 | 135.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत में लघु सचिवालय परिसर में 24 ट्रांजिट फ्लैट्स का निर्माण (आंतरिक ईआई का प्रावधान केवल) + 4 कार्य। | 18.07.2024 24.07.2024 | 47.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में सिरसा-लुदेसर-भादरा रोड से राजस्थान बॉर्डर तक (एमडीआर-104) (रोड आईडी 5810) कि.मी. 20.500 से 32.73 तक रोड पर 30 मिमी बीसी के प्रावधान हेतु डीएनआईटी (कार्य कार्यक्रम 2023-2024) (जीएसटी के बिना)। | 18.07.2024 29.07.2024 | 305.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज भिवानी | 1623 सिवानी तलवानी - शिवधाम का निर्माण + 6 कार्य। | 16.07.2024 22.07.2024 | 78.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | 4732 - गांव सरल में सामान्य शिवधाम को पूरा करना + 9 कार्य। | 17.07.2024 22.07.2024 | 85.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | वीएजीवाई - गांव रामगढ़ (जीपी चाज्जल माजरा) में लीले राम के मकान से जन स्वास्थ्य नलकूप तक नाला को ऊपर उठाना और गांव गानौली में मेन गली से मंजीत के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स की स्थापना और गांव भूरेवाला में बैठने के लिए शमशान घाट में शैड का निर्माण और गांव खेरकी जाट्टान ब्लॉक नारायणगढ़ में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 8 कार्य। | 16.07.2024 23.07.2024 | 154.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कैलाना, ब्लॉक गन्नौर में पनघट रास्ता से सिटवाली रोड तक आईपीबी फिरनी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 55.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज फतेहाबाद | गांव बोदियाखेड़ा ब्लॉक टोहाना, जिला फतेहाबाद में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर भवन में आयरन शैड का निर्माण, एचजीवीवाई + 4 कार्य। | 17.07.2024 25.07.2024 | 226.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 23085501667 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा (सीयूएच) जांट पाली (महेन्द्रगढ़) के क्षेत्र में दोहन नदी की रिचार्जिंग। | बंद होने की तिथि 05.08.2024 | 125.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आरडी 343100 पर जेएलएन फीडर पर पम्प हाउस जेएफ-II में लघु विश्राम गृह के नीचे की खिड़कियों को बदलना + 1 कार्य। | 16.07.2024 22.07.2024 | 208.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 13 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | ड्रग्स, कंज्यूमेबल्स, छोटे उपकरणों और एक्स-रे फिल्मों के लिए दर अनुबंध। | 19.07.2024 30.07.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812343757 pmohsr@rediffmail.com |
| 14 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पंचकूला | लैब. रिजेंट्स और आर्टिकल्स। | 20.07.2024 08.08.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 15 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में शाहाबाद निर्वाचन क्षेत्र में हार्ड शोल्डरिंग और मजबूतीकरण / सुधार सहित 3 अदद रोड को चौड़ा करना, 1. जी.टी. रोड से ऋषि मारकंडा मंदिर (रोड आईडी 8082), 2. अम्बाला हिसार रोड से ठसका मिरानजी तक रोहटी तक (रोड आईडी 8124), 3. अम्बाला हिसार रोड से टाबरा तक स्कूल तक (रोड आईडी 8117)। | 17.07.2024 29.07.2024 | 176.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 174429271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 16 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | किशनगढ़ सब ब्रांच के आरडी 61950 पर आउटफॉलिंग, गांव खैरमपुर में सतही बाढ़ के पानी को निकालने के लिए सबमर्सिबल पम्प्स की स्थापना और एचडीपीई पाइप लाइन बिछाना + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.07.2024 | 2176.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662230030 xenawsdnhsr@gmail.com |
| 17 | बागवानी विभाग हरियाणा घरौंडा, करनाल | सीईवी घरौंड़ा में हाई-टेक ग्रीन हाउस एचटीजीएच और एनवीपीएच-1 और 2 की मरम्मत और अपग्रेडेशन + 1 अन्य कार्य। | 23.07.2024 13.08.2024 | ईएमडी 2.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996788004 ddh.cev@gmail.com |
| 18 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | लघु सचिवालय, जिला कुरुक्षेत्र में लघु सचिवालय में बिक्री कर कार्यालय का पुनरोद्धार (एलएएन, ईपीएबीएक्स और फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान) + 2 कार्य। | 19.07.2024 25.07.2024 | 19.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज करनाल | गढ़ी जाट्टान - गांव गढ़ी जाट्टान, ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में शमशान घाट से रायतखाना वाली सड़क तक नाला और आईएलपीबी गली का निर्माण (स्कीम जीपी फंड)। | 16.07.2024 02.08.2024 | 36.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज पंचकूला | ब्लॉक बरवाला (गांव खैरवाली परवाला एससी, खैरवाली परवाला सामान्य और खैरवाली परवाला अमराला) के शिवधाम नवीनीकरण योजना कार्य + 18 कार्य। | 17.07.2024 23.07.2024 | 389.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 21 | जिला परिषद पलवल | जिला परिषद, पलवल ग्रुप-डी (रोड आईडी 8995, 9157, 8268, 8317, 8267, 8625, 803) के विभिन्न सम्पर्क सड़कों की वार्षिक मरम्मत, वित्तीय वर्ष 2024-25 + 6 कार्य। | 18.07.2024 26.07.2024 | 260.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015379500 prexeeng.pwl@hry.nic.in |
| 22 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में (हैड 5054-ग्रुप-4 के तहत) पलवल जिले में (कार्य कार्यक्रम 2023-24 के तहत) होडल से खाम्बी वाया पैंगलतु (आईडी 3446) पर साइड ड्रेन और आरडी 0.00 से 0.40 किमी, आरडी 0.46 से 0.65 किमी, आरडी 3.85 से 4.50 कि.मी. और आरडी 5.75 से 6.15 कि.मी. पर बर्म्स पर सीसीपी, आरडी 0.76 से 3.40 किमी, आरडी 4.70 से 5.75 किमी और आरडी 6.15 से 8.77 किमी पर 50 मिमी. डीबीएम जमा 30 मिमी बीसी सहित मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा एस/आर। | बंद होने की तिथि 26.07.2024 | 473.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 23 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | केसीबी ड्रेन के आरडी 102100 पर पाइप कल्वर्ट का निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.07.2024 | 10.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298518 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 24 | पंचायती राज सोनीपत | गांव दहीसरा, मनोली, सेवली, नाथुपुर, अटेरना ब्लॉक राई में स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | 32.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 25 | पंचायती राज सोनीपत | गांव उदेसीपुर, ब्लॉक गन्नौर में बीपीएल प्लॉट्स से बी.सी. चौपाल तक रास्ता का निर्माण। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | 42.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 26 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | शीतला माता मंदिर गुरुग्राम में शैड के निर्माण के दौरान निर्माण सुपरविजन और कार्य के वास्तविक निष्पादन के दौरान रूपांतरित आरेखणों (यदि आवश्यक हो) का प्रावधान और प्रूफ चैकिंग के साथ-साथ बीओक्यू सहित विस्तरित आकलन, सभी वर्किंग ड्राईंग्स का प्रावधान, विस्तृत डिजाइनिंग, डीजीपीएस, कुल स्टेशन और ऑटो लेवल सहित जांचों और विस्तृत सर्वे को पूर्ण करने समेत शेड की विस्तृत डिजाइन की तैयारी हेतु परामर्शदायी सेवाएं। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 27 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में सोहना में नये तहसील कार्यालय को बनाने के सम्बन्ध में सिंचाई विश्राम गृह का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | 19.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 28 | जिला प्रशा. अम्बाला कैंट | लॉबीज, रिसेप्शन, कॉरिडोर / कॉमन एरिया की पैंट्रीज, सम्मेलन कक्षों, सभी लाइब्रेरी हॉल्स, शौचालयों, वॉशरूम की क्लीनिंग, स्वीपिंग, डिसइन्फैक्टेंट सहित पौंछा लगाना। | 19.07.2024 29.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8814869751 sdmambala@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/560/28008/I/88/6 दि. 19.07.24


हरियाणा सरकार
म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा
हम हरियाणवी
अब बिना टेंशन घर बैठे
₹3000 मासिक पेंशन पाते हैं
30.69 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों को
परिवार पहचान-पत्र के माध्यम से घर बैठे सीधे खाते में
कुल ₹11,040 करोड़ वार्षिक पेंशन
हरियाणा विधुरों व अविवाहितों को
पेंशन देने वाला एकमात्र राज्य
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on
@diprharyana

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने विकसित की दो किस्में

# देश भर में टमाटर 90 पार, 'संकर' करेगा बेड़ा पार, 21 दिन तक नहीं होगा खराब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*देशभर में टमाटर की कीमतें 90 रुपए के पार पहुंच गई हैं और अब ये सेंचुरी मारने को तैयार हैं। सरकार को भरोसा है कि आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से आने वाली हाइब्रिड टमाटरों की खेप से टमाटर के आसमान चढ़ते भाव में गिरावट आ सकती है। इसी दौरान खबर यह भी आ रही है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से विकसित टमाटर की दो संकर किस्में देश में टमाटर की तेज भागती कीमतों पर लगा सकती हैं।*

आईसीएआर की ओर से विकसित टमाटर की ये दो संकर किस्में निकट भविष्य में टमाटर संकट को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाएंगी। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीएआर के तहत बेंगलुरु स्थित एक संस्थान की ओर से विकसित टमाटर की दो संकर किस्में भविष्य में टमाटर के संकट से बचा सकती हैं। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि टमाटर के इस संकर किस्म को बड़े पैमाने पर अपनाने के साथ इसकी खेती के रकबे को बढ़ाना होगा। टमाटर की इस संकर किस्म को भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान की ओर से विकसित किया गया है।

### 21 दिनों तक खराब नहीं संकर टमाटर

दावा यह किया जा रहा है कि संकर टमाटर की किस्में अर्का रक्षक और अर्का अभेद की सेल्फ लाइन तीन हफ्ते हैं और यह 21 दिनों तक खराब नहीं होता। इसकी खासियत यह है कि मानसून की भारी बारिश में सप्लाई चेन बाधित होने के बाद भी इसे कई दिनों तक स्टोर करके रखा जा सकता है। आईसीएआर के महानिदेशक हिमांशु पाठक ने का कहना है कि हमने टमाटर की एक ऐसी किस्म विकसित की है, जिसकी सेल्फ लाइफ (खराब नहीं होने का समय) तीन हफ्ते है। हमें इन किस्मों के तहत रकबे को बढ़ाने की जरूरत है।



- हाइब्रिड तकनीक का लाइसेंस 11 कंपनियों को दिया गया
- पहला ट्रिपल रोग प्रतिरोधी टमाटर एफ-1 हाइब्रिड अर्का रक्षक की खेती

### खाद्य निर्यात तीन प्रतिशत घटाः एपीडा

लाल सागर संकट, माल ढुलाई में वृद्धि और कंटेनरों की कमी जैसे मुद्दों के कारण इस वित्त वर्ष में अप्रैल-जून के दौरान देश के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 5.88 अरब डॉलर रहा। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। अमेरिका ने एक अगस्त से चीन से आयात पर उच्च शुल्क लगाया। इसके कारण, अमेरिका में आयातकों द्वारा उस समय सीमा से पहले और चीन से अधिक आयात करने का प्रयास किया गया है। इससे दोनों देशों के बीच अधिक माल यातायात हुआ है जिससे कंटेनरों की कमी हुई है। पहली तिमाही के दौरान चावल, कुछ अनाज, काजू और तिलहन के निर्यात में गिरावट आई है।

### सात हजार हेक्टेयर में किया परीक्षण

आईआईएचआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक चंद्रशेखर सी के अनुसार, साल 2012 में विकसित भारत का पहला ट्रिपल रोग प्रतिरोधी टमाटर एफ-1 हाइब्रिड अर्का रक्षक फिलहाल 7,000 हेक्टेयर में उगाया जाता है। इस हाइब्रिड तकनीक का लाइसेंस 11 कंपनियों को दिया गया है। इनके बारे में अनुमान है कि साल 2012-22 के दौरान बीज की बिक्री से इनका कारोबार 3,600 करोड़ रुपए रहा है. तीन साल पहले जारी अर्का अभेद्य तीन हफ्ते की लंबी सेल्फ लाइफ देता है और दूरदराज के बाजारों के अनुकूल है। टमाटर की ये दोनों किस्में लीफ कर्ल वायरस, बैक्टीरियल विल्ट और अर्ली ब्लाइट सहित कई बीमारियों के लिए प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करती हैं।

## बाजार में तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 739 अंक फिसला

**मुंबई (भाषा)।** माइक्रोसॉफ्ट के तकनीकी व्यवधान की वजह से वैश्विक बाजारों में बिकवाली के रुझान और घरेलू स्तर पर चार दिनों की रिकॉर्ड तेजी के बाद मुनाफावसूली का जोर रहने से शुक्रवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 739 अंक नीचे आ गया और निफ्टी भी नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 738.81 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 81,000 अंक से नीचे 80,604.65 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 269.95 अंक यानी 1.09 प्रतिशत गिरकर 24,530.90 पर बंद हुआ। यह शुरुआती दौर में 24,854.80 के अपने नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था, लेकिन बाद में यह कमजोर पड़ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 292.7 अंक गिरकर 24,508.15 पर आ गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "माइक्रोसॉफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम में व्यवधान की वजह से वैश्विक स्तर पर बिकवाली का जोर रहने से घरेलू बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। इस तकनीकी व्यवधान ने कई भारतीय उद्योगों में कामकाज को भी प्रभावित किया है। अगले हफ्ते बजट आने के पहले बाजार में मुनाफावसूली का जोर रहा।"

## सोना 750 रुपये टूटा, चांदी की चमक घटी

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 750 रुपए की गिरावट के साथ 75,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इसके साथ सोने में



पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लग गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 76,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपए घटकर 75,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। बृहस्पतिवार को यह 76,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपए टूटकर 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। सोने की कीमतों में गिरावट का कारण वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख तथा देश में आभूषण विक्रेताओं की मांग में आई गिरावट को बताया।

## रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर तीन पैसे टूटकर 83.66 प्रति डॉलर

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया शुक्रवार को तीन पैसे टूटकर 83.66 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख से रुपए में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर घरेलू बाजार और तेल की ऊंची कीमतों ने रुपये पर दबाव डाला। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा में तेज गिरावट पर रोक लगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.64 प्रति डॉलर पर खुला।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

### सूचना

मैं स्मृति सिंधु पत्नी श्री विराट चौहान निवासी मकान नं.-164, सैक्टर-6 पंचकुला, हरियाणा-134109, घोषणा करती हूँ कि मैंने मेरा गोत्र स्मृति सिंधु से बदलकर स्मृति सिंधु चौहान कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे स्मृति सिंधु चौहान के नाम से जाना जाए।

### सूचना

रा. प्रा. पा. खातीवास (15359) खंड व जिला महेन्द्रगढ़ में खड़े अलन्थस के 15 पेड़ों की बोली वन मण्डल अधिकारी महेन्द्रगढ़ के पत्र क्रमांक 124/12.04.24 के अनुसार दिनांक 29 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे स्कूल परिसर में होगी। इच्छुक बोली दाता समय पर पहुंचें।

**मुख्य शिक्षक,**
**रा. प्रा. पा. खातीवास (महेन्द्रगढ़)**
**फोन नं. 9416907455**

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
7 घंटो में घर बैठे
गारन्टीड समाधान



9058237593
मनचाहा वशीकरण लवमैरिज, किया कराया, सौतन व दुश्मन छुटकारा नौकरी, कर्ज कारोबार, शादी में रुकावट, सास व बहू में झगड़ा गृहक्लेश, विदेश यात्रा, पति-पत्नी अनबंन, बिमारी में दवा का न लगना
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे नगद ईनाम
स्पे. वशीकरण, मुठकरनी
9058237593

ज्योतिष

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती
स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि ।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## उपमंडल अधिकारी (ना0) गोहाना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लघु सचिवालय गोहाना में केंटीन/पार्किंग स्थल को किराये पर देने हेतु नीलामी दिनांक 26.7.2024 को प्रातः 11 बजे उपमंडल अधिकारी (ना०), गोहाना की अध्यक्षता में लघु सचिवालय गोहाना में वर्ष 2024-25 के लिए की जाएगी। जिसकी शर्तें मौके पर पढ़कर सुना दी जाएंगी। यदि कोई व्यक्ति इन शर्तों को देखना चाहे तो वह उपमंडल अधिकारी (ना०), गोहाना के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में आकर देख सकता है।

1. पार्किंग स्टैंड - दिनांक 01.08.2024 से 31.03.2025 तक
2. कैंन्टीन - दिनांक 01.08.2024 से 31.03.2025 तक

सभी निविदाओं को 24.7.2024 को 5 पी.एम. तक जमा करवाना अनिवार्य है। देर से जमा करवाई गई निविदाएं मान्य नहीं होंगी। निविदा शुल्क 1 हजार रुपये जमा करवाना अनिवार्य है। निविदा शुल्क वापस नहीं होगा।

हस्ता/-
उपमंडल अधिकारी (ना०) गोहाना

## कार्यालय, नगरपालिका तरावड़ी

### सार्वजनिक सूचना।

शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा चण्डीगढ़ द्वारा जारी नोटिफिकेशन नं. 9/62/2024-4C-II दिनांक 11-06-2024 के तहत "intention to include the revenue areas of Nikka Singh Dera on Anjanthali Road within the limits of Municipal Committee, Taraori, District Karnal as defined in the Haryana Government, Local Government Department (committees), notification No. 25/6/88-2CI, dated the 20th September,1989" नगरपालिका तरावडी की सीमा का विस्तार किया गया है। आमजन को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस बारे कोई आपत्तियों / सुझाव दिनांक 23-07-2024 तक जिला उपायुक्त महोदय, करनाल कार्यालय एवं नगरपालिका तरावडी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उपरोक्त तिथि उपरान्त प्राप्त आपत्तियाँ / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। नोटिफिकेशन की प्रति नगरपालिका तरावड़ी कार्यालय में उपलब्ध है।

सचिव
नगरपालिका तरावड़ी।

## कार्यालय नगरपरिषद सिरसा

### (खुली बोली)

| कार्य का नाम | धरोहर राशी | बोली दिनांक |
|---|---|---|
| Auction of Shops in Hisar Road Markit (Shop- 02,03,04), Old Fire Brigade Markit (Shop-31,33), and Gandhi Markit (Shop-10,11), in M.C Sirsa | 50000/- | 25.07.2024 |

उक्त कार्य की खुली बोली दिनांक 25.07.2024 को सुबह 11:00 बजे कार्यालय नगरपरिषद् सिरसा सुरतगढिया बाजार बौम्बे वाली गली, मौहंता मार्किट में की जाएगी। जिसकी धरोहर राशि कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद सिरसा के नाम बैंक ड्राफ्ट/पे ऑर्डर द्वारा मौके पर जमा करवाई जाएगी। उक्त कार्य के लिए बोली दाता नियम व शर्तें नगरपरिषद् सिरसा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित हो कर देख सकता है।

हस्ता/-
कार्यकारी अधिकारी
नगरपरिषद सिरसा।

संवाद-1078/11/514/2025/27999/C/88/6 दि. 19.07.24

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्ण लाल, पुत्रः सतबीर सिंह, पताः वीपीओ बरहा कलां, शिव मंदिर के पास, जींद–126103** ने **CC No. 1687/2020, U/S 138 NI Act, पुलिस थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कृष्ण लाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कृष्ण लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 1687/2020, U/S 138 NI Act, पुलिस थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अभियुक्त **कृष्ण लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.10.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
महानगर दंडाधिकारी–03
उत्तर जिला, कमरा सं. 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9317/RD/2024

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | बवानी खेड़ा निर्वाचन क्षेत्र, जिला भिवानी में गांव सुई से बिरान और भिवानी-जीन्द रोड टिगराना से टिगराना सीम तक 2 अदद सम्पर्क सड़क का निर्माण (ID_11444 और 11442) + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.07.2024 | 8.71 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 eebhiwani2024.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27980/I/88/6 दि. 19.07.24

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | वर्ष 2024-25 हेतु रोहतक में डी/आर सेक्टर 2पी-34, 3-34, 4-35, 5-36, 6-36ए (जिमखाना क्लब रोड), 35-36, आरओबी के स्लिप्स रोड और स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स के निकट एच/एम पर स्ट्रीट लाइट्स (ईडीसी) का वार्षिक रखरखाव + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.07.2024 | 41.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/60/27977/I/88/6 दि. 19.07.24

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मदन पुत्र लीलू निवासी म. नं. 747, वीपीओ रोहाड, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर–124501** ने सीसी नं. **5510/2019 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मदन** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मदन** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सीसी नं. **5510/2019 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मदन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**हिमांशु सहलोथ**
महानगर दण्डाधिकारी–03 (उत्तर)
कमरा नं. 213, द्वितीय तल
रोहिणी जिला न्यायालय, दिल्ली

DP/9318/RD/2024
(Court Matter)

## उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर) - 124105
ई-मेलः coemunimpur@gmail.com

### केन्द्र पर गोबर की खाद (Farm Yard Manure) हेतू

**मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर गोबर की खाद (Farm Yard Manure) सप्लाई हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। इस सप्लाई हेतू विस्तरित जानकारी इस प्रकार है।

| क्र.सं. | खाद | विवरण | रेट प्रति टन |
|---|---|---|---|
| 1 | गोबर की खाद (Farm Yard Manure) | अच्छी सडी गली गोबर की खाद | |

कुटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि 25.07.2024 सांय 2 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए बोलीदाता डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकता है। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/642/2025/27971/88/6 दि. 19.07.24

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण आमजन व खास को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति, बहादुरगढ़ द्वारा मेट्रो पिलर नंबर 864 के सामने पुरानी कोर्ट के रास्ते के साथ लगती यू टाईप मार्किट में दुकान नंबर 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 20 तथा पुरानी दुकान नंबर 1, 2, 3, 4, 5, 6 को दिनांक 26.07.2024 को दोपहर 01:00 बजे खंड कार्यालय बहादुरगढ़ में किराए के लिए खुली बोली (निलामी) की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति बोली में भाग ले सकता है। बोली की शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

नोटः- बोली के बारे में किसी भीतरह की जानकारी खंड विकास एंव पंचायत अधिकारी, बहादुरगढ़ के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस को प्रातः 9 बजे सायं 5 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।

उमेद सिंह
कार्यकारी अधिकारी, पंचायत समिति, बहादुरगढ़

## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151
(www.hssc.gov.in)

### सार्वजनिक सूचना

**पुलिस विभाग, हरियाणा के विज्ञा. सं. 06/2024, श्रेणी सं. 01 के तहत पुरुष कांस्टेबल (जीडी) के पद हेतु पीएमटी की शॉर्टलिस्टिंग के लिए उम्मीदवारों द्वारा उठाई गई शिकायतों के सम्बन्ध में।**


यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि अन्तिम तिथि अर्थात 17.07.2024 तक उम्मीदवारों द्वारा उठाई गई शिकायतों की समीक्षा आयोग द्वारा कर ली गई और अधिकतर शिकायतों के जवाब उम्मीदवारों को भेज दिए गए हैं। यद्यपि, डीडीईएसएम और डीईएसएम उम्मीदवारों की नवीनीकरण तिथि से सम्बन्धित दो मुद्दे और सूचना दिनांक 15.07.2024 में उम्मीदवारों की गलत श्रेणी वर्णित करना आयोग के संज्ञान में आ चुका है। आयोग ने उपरोक्त मुद्दों से सम्बन्धित निम्नलिखित निर्णय लेने का फैसला किया है :

1. डीडीईएसएम और डीईएसएम उम्मीदवारों, जिनके दस्तावेज जारी करने की तिथि कट–ऑफ तिथि अर्थात 01.02.2023 से पूर्व है परन्तु उनकी नवीनीकरण की तिथि कट–ऑफ तिथि के अनुरूप वैध है, पर विचारणीय होंगे और यदि ऐसे उम्मीदवार पात्र पाए जाते हैं, उनको शीघ्र जारी की जाने वाली उम्मीदवारों की बकाया सूची में उनके अंकों के अनुरूप शॉर्टलिस्टेड किया जाएगा।
2. इसके अतिरिक्त, कुछ उम्मीदवारों की श्रेणी, जो सार्वजनिक सूचना दिनांक 15.07.2024 में अनजाने में गलत वर्णित की गई थी, तथापि ओवरऑल शॉर्टलिस्टेड सूची पर कोई प्रभाव, चाहे जो भी हो, नहीं पड़ता है, संशोधित कर दी गई है और आयोग की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर प्रकाशित की गई है।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- सचिव
दिनांक : 18 जुलाई 2024 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला

संवाद–1159/13/647/2025/27975/88/6 दि. 19.07.24

## शब्द पहेली - 5577



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5576 का हल





### मंत्री मूल चंद शर्मा और सुभाष सुधा ने शिकायतों पर की कार्रवाई

# चरखी दादरी में एमवीओ और पानीपत में सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर सस्पेंड



चरखी दादरी। कष्ट कष्ट निवारण समिति की बैठक में सुनवाई उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा।


पानीपत। जनसुनवाई करते हुए निकाय मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

- उद्योग मंत्री ने ओवरलोडिंग रोकने में नाकाम रहने पर एमओवी पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

चरखी दादरी और पानीपत में शुक्रवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में प्रदेश के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा और सुभाष सुधा ने शिकायतें सुनीं। इस दौरान चरखी दादरी में मंत्री मूल चंद शर्मा ने ओवरलोड पर रोकने में नाकाम रहने पर एमओवी को निलंबित कर दिया तो वहीं, पानीपत में शिकायतों की सुनवाई के दौरान पीएमवाई लोन के लिए पैसे मांगने की मिली थी शिकायत पर निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर राकेश कादियान को सस्पेंड कर दिया है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा ने जरूरी बैठकों को अनदेखा करने व लोगों की शिकायत के कारण निलंबित कर दिया गया। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतों की सुनवाई के दौरान ये आदेश दिए हैं। बैठक के दौरान ओवरलोड के लेकर रखी गई शिकायत में समिति के अध्यक्ष एवं उद्योग मंत्री को बताया गया कि दादरी से हर रोज हजारों की संख्या में ट्रक निकलते हैं और ज्यादातर ओवरलोड होते हैं। जिनके कारण सड़कों को नुकसान होता है और साथ ही दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है।

## पीएमवाईवाई लोन के लिए पैसों की डिमांड पर निकाय मंत्री सुधा ने की कार्रवाई

- भ्रष्टाचार में संलिप्त किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा

**पानीपत।** निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने पानीपत के लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में जन संवाद के तहत आमजन की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए। उन्होंने इस मौके पर अनियमितताओं के चलते प्रधानमंत्री आवास योजना के सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर राकेश कादियान को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। वहीं मंत्री सुधा ने कहा कि लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए जनसंवाद किए जा रहे हैं, ताकि लोगों की शिकायत अधिकारियों के समक्ष रख उन्हें दिशा निर्देश मौके पर ही दिए जा सके। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में संलिप्त किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि अगर उन्हें निगम में दलालों की दखलअंदाजी नजर आती है तो इसकी शिकायत करें। उनके खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी। उन्होंने इस मौके पर 100 से अधिक शिकायतों को सुना। वहीं, मंत्री सुधा ने कहा कि इस जनसंवाद में जो शिकायतें चंडीगढ़ मुख्यालय से सम्बंधित है उनका वहां से समाधान करवाया जाएगा। इसके साथ-साथ सरकार ने प्रोपर्टी आईडी की प्रक्रिया आसान की है, कूड़ा चार्ज को खत्म कर दिया गया है। हाउस टैक्स में छूट प्रदान की गई है, शहरों में लाल डोरे को लेकर प्रक्रिया आसान कर दी गई है।

## मारकंडा में पहुंचा चार हजार क्यूसिक पानी

**शाहबाद।** शाहबाद की मारकंडा नदी में शाम को 5 बजे 4000 कयूसिक पानी पहुंचा। मारकंडा नदी में पहाड़ों में बरसात होने के बाद पानी पहुंचता है। पिछले साल मारकंडा नदी में 13 हजार से 15 हजार क्यूसेक पानी आया था जिस कारण पूरा हुड्डा के घर पानी से डूब गए थे और बाढ़ की स्थिति बनी हुई थी। इस कारण कई लोग अपने घरों को ताला लगाकर दूसरे शहरों में चले गए थे। बाढ़ के पानी के कारण घरों में रखें फर्नीचर और प्रतिदिन प्रयोग में आने वाले सामान का काफी नुकसान हुआ था। पिछले काफी दिनों से मारकंडा नदी में पानी न होने के कारण बिल्कुल सूखा पड़ा था।


# झज्जर के प्रेमी जोड़े ने पानीपत के मंदिर परिसर में जहर खाया

**दोनों सिविल अस्पताल में उपचाराधीन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव सींक व पाथरी के रकबे में बने माता पथरी मंदिर परिसर में प्रेमी जोड़े ने चूहे मारने की दवाई निगल ली। दोनों को बेसुध हालत में देखकर मंदिर में आए श्रद्धालुओं ने पुलिस की मदद से पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उपचार के दौरान हालत स्थिर बनी हुई है। इधर, पुलिस की पूछताछ में युवक विष्णु कुमार ने बताया कि वह झज्जर जिले के एक गांव का रहने वाला है और राजस्थान के आरटीओ विभाग में डीसी रेट पर कंप्यूटर के पद कार्यरत है।

वह पास के ही गांव की रहने वाली 11वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा से एक साल पहले मिला था। दोनों के बीच दोस्ती हुई जो समय के साथ प्यार में बदल गई। विष्णु ने बताया कि उन्होंने चूहे मारने वाली तीन गोलियां खाई थी। दोनों की इंटर कास्ट मैरिज थी। परिवार वाले किसी भी सूरत में इस शादी को स्वीकार नहीं कर रहे थे। साथ ही लड़की के परिवार वाले लगातार धमकियां भी दे रहे हैं और उन्होंने लड़की का रिश्ता किसी दूसरी जगह कर जल्द ही शादी करने की भी तैयारी कर ली थी। मेरे परिवार वालों ने भी लड़की देखनी शुरू कर दी थी। मेरी मम्मी लड़की के घर रिश्ते के लिए गई थी। लड़की के पापा ने शादी से इनकार कर दिया। मेरे परिवार के लोग शादी को तैयार थे। लेकिन लड़की के परिवार वाले नहीं मान रहे।




## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित बाइक सवार युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** हेरोइन तस्करी के आरोप में रतिया पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बाईक सवार युवक को गिरफ्तार किया है। ब्राह्मणवाला पुलिस चौकी की टीम को सूचना मिली कि प्रेम सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी कुनाल नशीला पदार्थ लेकर बाइक पर एमपी सोत्तर से चंदो कलां की तरफ से रंगोई नाला होते हुए गांव चंदो कलां आ रहा है। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 15.50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर एक लाख ठगे

**फतेहाबाद।** क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर जाखल का एक दुकानदार ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। साइबर ठगों ने उसके क्रेडिट कार्ड से 1 लाख से अधिक की राशि निकाल ली। अब पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में जाखल मण्डी निवासी महावीर प्रसाद ने कहा है कि उसकी जाखल मण्डी में मेडिकल की दुकान है। उसके पास इंडसइंड बैंक का क्रेडिट कार्ड है। 10 जुलाई को फोन आया था।

### बीकानेर के पास हुआ भीषण हादसा

# डबवाली के परिवार के 6 लोगों की राजस्थान में मौत

- सालासर जाते समय ट्रक में घुसी कार
- दुकान पर ड्रग टीम ने मारा था छापा, सील कर दी गई थी
- इसके बाद सभी ने सालासर का प्लान बनाया था, मूल रूप से अयोध्या के रहने वाले थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

राजस्थान के महाजन थाना क्षेत्र में जैतपुर के पास भारतमाला एक्सप्रेसवे पर हुए एक सड़क हादसे में डबवाली के एक ही परिवार के 6 सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में डबवाली के मलोट रोड पर गुप्ता मेडिकोज के नाम से मेडिकल स्टोर चलाने वाले नीरज कुमार का पूरा परिवार खत्म हो गया। करीब 23 वर्षीय नीरज अपने पिता शिवकुमार, मां आरती, बहनों सुनैना व भूमिका, भाई डुग्गू के साथ अपने एक दोस्त की मारुति स्विफ्ट कार लेकर कल रात करीब 7: 30 बजे डबवाली से राजस्थान के तीर्थ स्थान की यात्रा




के लिए निकला। रात करीब 10:30 बजे उनकी कार जैतपुर के पास हादसे का शिकार हो गई। एक ट्रेलर (ट्रक) से पीछे से हुई टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार सभी छह लोग काल का ग्रास बन गए। मृतक शिव कुमार के रिश्ते में जीजा विक्की बताते हैं कि उनके साले शिव कुमार का परिवार मूल रूप से यूपी के गोंडा क्षेत्र का रहने वाला है। यह परिवार पिछले कई सालों से डबवाली में रह रहा हैं। हाल ही में किलियांवाली इलाके के मानसिंह कॉलोनी में इन्होंने अपना नया मकान बनाया था, अब इस मकान का ताला खोलने वाला भी कोई नहीं बचा।

### हुड्डा से जुड़ा मामला

## ईडी ने एम3एम का 300 करोड़ रुपये का भूखंड कुर्क किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत गुरुग्राम में रियल एस्टेट समूह एम3एम का 300 करोड़ रुपये से अधिक कीमत का भूखंड कुर्क किया है। इस मामले का तार कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी जुड़ा है। भूखंड को कुर्क करने के लिए संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया था। एक बयान में कहा गया कि 88.29 एकड़ भूमि हरियाणा के गुरुग्राम जिले में हरसरू तहसील के बशारिया गांव में स्थित है। ईडी ने एक बयान में कहा कि इस भूखंड की कीमत 300.11 करोड़ रुपये है। वहीं, रियल एस्टेट समूह के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि वे "ईडी द्वारा भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क करने के लिए की गई बेहद अनुचित, अन्यायपूर्ण और अनावश्यक कार्रवाई से बेहद निराश हैं। यह भूखंड किसी भी तरह से किसी अपराध से जुड़ा नहीं है।

**भूखंड कुर्क करने को ईडी ने पीएमएलए के तहत आदेश जारी किया था**

# हरियाणा मानवाधिकार आयोग में खाली पदों को भरने की कवायद

**21 जुलाई तक मांगे गए चेयरमैन न्यायिक और सदस्यों के लिए आवेदन**

- एसीएस के उप सचिव आईटी सेल की ओर से हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को लिखा चार जुलाई को पत्र में कहा, भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा के मानवाधिकार आयोग में चेयरमैन (न्यायिक) और सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इसके लिए 21 जुलाई की अंतिम तारीख तय की गई है, इस बारे में हरियाणा गृह विभाग एसीएस की ओर से पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट को पत्र भेजकर आयोग में पद भरे जाने की जानकारी दी गई है, साथ ही पात्र उम्मीदवारों के आवेदन अंतिम तारीख से पहले पहले भिजवाने के लिए रजिस्ट्रार को कहा गया है। नियुक्तियों के बाद में आय़ोग में लंबित हजारों मामलों के निस्तारण का इंतजार करने वाले लोगों को राहत मिलने जा रही है। यहां पर उल्लेखनीय है कि हरियाणा मानवाधिकार आयोग में चेयरमैन न्यायिक, सदस्य न्यायिक और गैर न्यायिक सदस्यों सभी पद खाली पड़े हुए हैं। इस कारण से यहां पर लंबित मामलों में तारीख पर तारीख दी जा रही है। सरकार की ओर से गत वर्ष जून और फिर सितंबर में नियुक्ति को लेकर विज्ञापन जारी किया गया था। वैसे, आमतौर पर चेयरमैन और सदस्यों की नियुक्ति मामले में कार्यकाल खत्म होने के तीन माह पहले से प्रक्रिया की शुरुआत हो जाती है ताकि बाद में दिक्कत नहीं हो।

### सितंबर से नहीं हो रही सुनवाई, लोग परेशान

हरियाणा मानवाधिकार आयोग में गत वर्ष सितंबर से केसों में सुनवाई नहीं हो रही है। मानवाधिकार हनन के पीड़ितों को तारीखों पर तारीख ही दी जा रहीं हैं। एक तरफ जहां पुराने मामले लंबित हैं, वहीं नए प्रार्थना पत्रों का ढ़ेर भी लगता जा रहा है। आयोग के पास ना तो चेयरमैन और ना ही सदस्य हैं।

### कमेटी ने आवेदनों का अध्ययन कर दी थी रिपोर्ट

अफसरों की कमेटी ने आवेदनों की जांच कर फाइल आगे भी बढ़ाई, मगर बात आगे नहीं बढ़ सकी थी। अभी भी आयोग के पास में लगभग दो हजार से ज्यादा पुराने मामले लंबित हैं। इसके अलावा गत छह माह में लगभग तीन से साढ़े तीन हजार के करीब शिकायतें भी आई हैं।



## खबर संक्षेप



### भारत की जीत के साथ शुरुवात

**ह्यूस्टन।** भारत ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत के साथ शुरुवात की जब लड़के और लड़कियों की टीम ने अपने अपने मुकाबले अच्छे अंतर से जीते। लड़कों ने कुवैत को ग्रुप एफ के मुकाबले में 3-0 से हराया जबकि राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह की अगुवाई में लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपै को इसी अंतर से मात दी। अब लड़कों का सामना शुक्रवार को ब्राजील से होगा जबकि लड़कियों की टीम को ब्राजील और आस्ट्रेलिया से खेलना है।

### दिल्ली हाफ मैराथन के लिए पंजीकरण शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुक्रवार को पंजीकरण शुरू हो गया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की मान्यता प्राप्त इस आयोजन में कुल इनामी राशि 260,000 डॉलर (लगभग 2.17 करोड़) है, जिसमें दुनिया भर के लंबी दूरी की सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा।

### सही घोड़े के बिना, आप कुछ भी नहीं : अनुष

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। चौबीस साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं।

# भारतीय महिला टीम का जीत से आगाज पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

## टी-20 एशिया कपः मंधाना-शेफाली ने 85 रन की साझेदारी करके दिलाई जीत

भाषा ▶▶| दाम्बुला



गत चैम्पियन भारत ने गेंदबाजों के बाद शीर्ष क्रम बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से शुक्रवार को यहां महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तानी टीम को सात विकेट से हराया। अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण की बदौलत पाकिस्तान को 19.2 ओवर में महज 108 रन पर समेटने के बाद भारत ने तीन विकेट पर 109 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारतीय गेंदबाजों में पूजा वस्त्राकर और रेणुका सिंह ने पाकिस्तान को शुरूआती झटके देते हुए दो दो विकेट लिये। दीप्ति शर्मा ने 20 रन देकर तीन विकेट हासिल किये। श्रेयंका पाटिल को भी दो विकेट मिले। फिर भारत ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (40 रन) और स्मृति मंधाना (45 रन) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 57 गेंद में 85 रन की साझेदारी से यह लक्ष्य महज 14.1 ओवर में हासिल कर लिया। शेफाली (29 गेंद, छह चौके, एक छक्का) ने पहले ही ओवर में सादिया इकबाल पर स्क्वायर लेग में शानदार चौका जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिये और फिर इसी गेंदबाज के दूसरे ओवर में मिडविकेट और एक्स्ट्रा कवर पर दो चौके और जड़े। मंधाना शुरू में सतर्क होकर खेली, उन्होंने दूसरे ओवर में फातिमा सना पर मिडविकेट पर अपनी पारी का पहला चौका जड़ा। इसके बाद आक्रामकता दिखाते हुए उन्होंने 31 गेंद में नौ बार गेंद सीमारेखा के पार करायी। दोनों अच्छी लय में थीं और दनादन शॉट्स लगाकर अर्धशतक की ओर बढ़ रही थीं। लेकिन दोनों ही चूक गयीं। इस दौरान शेफाली ने छठे ओवर में पारी का पहला छक्का तुबा हसन की गेंद को स्क्वायर लेग में स्वीप करते हुए जड़ा। विस्फोटक बल्लेबाजी कर रहीं मंधाना ने आठवें ओवर में तुबा हसन की गेंदों को धुनते हुए पांच चौके जड़कर इस ओवर से टीम के स्कोर में 21 रन जोड़े। पर सईदा अरूब शाह की गेंद पर शार्ट मिडविकेट पर आलिया रियाज को कैच देकर पवेलियन लौट गईं। उनकी जगह क्रीज पर उतरीं दयालन हेमलता ने आते ही 11वें ओवर में नशरा संधू पर लगातार तीन चौके जड़ दिये। पहले विकेट की साझेदारी टूटते ही शेफाली की लय भी बिगड़ गई और वह अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर सकीं। 12वें ओवर में सईदा अरूब शाह ने उन्हें बोल्ड किया, तब स्कोर दो विकेट पर 100 रन था। हेमलता भी 14 रन बनाकर नशरा संधू की गेंद का शिकार हुई। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने वाली पाकिस्तानी महिला टीम के केवल चार खिलाड़ी ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकी।

### नेपाल का जीत से आगाज, यूएई को 6 विकेट से रौंदा

**दांबुला।** सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को यहां महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा नेपाल की सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्होंने 19 देकर तीन विकेट लिए। नेपाल को भी कुछ मुश्किल पलों से गुजरना पड़ा।

पेरिस पैरालंपिक

## अबकी बार 25 पार, भारत का लक्ष्य : झाझड़िया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने शुक्रवार को कहा कि पेरिस पैरालंपिक में भारत को न सिर्फ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का यकीन है बल्कि पूरी उम्मीद है कि पदक संख्या 25 पार जाएगी। भारतीय पैरालंपिक दल ने टोक्यो में इतिहास रचते हुए पांच स्वर्ण पदक समेत 19 पदक जीते थे। झाझड़िया ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए भारत की तैयारियों को लेकर एक परिचर्चा में कहा, 'मुझे लगता है कि पेरिस में हमारा प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ होगा। हमारा स्लोगन है अबकी बार 25 पार। मैं खिलाड़ियों के संपर्क में हूं और तैयारियां बहुत अच्छी चल रही है।' तीन बार के पैरालंपिक पदक विजेता झाझड़िया ने 2004 एथेंस ओलंपिक और 2016 रियो ओलंपिक में एफ 46 भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीता था जबकि टोक्यो में उन्होंने रजत पदक जीता।

## यूटीटी : गोवा चैलेंजर्स के सामने जयपुर पैट्रियट्स की होगी चुनौती

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स 22 अगस्त से सात सितंबर तक यहां होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस के शुरुआती मैच में नयी टीम जयपुर पैट्रियट्स का सामना करेगा। इस फ्रेंचाइजी-आधारित लीग में दो नई टीमें जुड़ी हैं। आठ टीमों के इस लीग के सभी 23 मैच के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसमें 16 अंतरराष्ट्रीय सहित कुल 48 खिलाड़ी भाग लेंगे। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज बर्नाडेट स्जोक्स, विश्व नंबर 16 नीना मित्तेल्हम, और नाइजीरिया के दिग्गज और वर्तमान विश्व नंबर 19 कादरी अरुणा भाग लेने वाले शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों में शामिल हैं। भारत के अचंता शरथ कमल (विश्व रैंकिंग 40), श्रीजा अकुला (विश्व रैंकिंग 25), और मनिका बत्रा (विश्व रैंकिंग 28) भी अपनी-अपनी टीमों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। नवोदित टीम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स दूसरे दिन पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

### पेरिस ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम

**ज्यूरिख।** फीफा ने इस्राइल को अंतरराष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फलस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फलस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने गुरुवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरुष फाइनल नौ अगस्त को है।

## नडाल ने नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर में बनाई जगह

कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराया

एजेंसी ▶▶| बस्ताड



रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं।वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विम्बलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।



## चिंतन

# महज एक सर्वर की खराबी से ही थम गई पूरी दुनिया

माइक्रोसॉफ्ट के सॉफ्टवेयर में शुक्रवार 19 जुलाई की सुबह खराबी आने के बाद दुनियाभर में हड़कंप मच गया। सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी से दुनियाभर के एयरपोर्ट्स पर चेक इन सिस्टम और इन्फॉर्मेशन डिस्प्ले बंद हो गए। इससे फ्लाइट्स के लिए चेक इन और टिकट बुकिंग सर्विसेज ठप हो गईं। भारत समेत अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और इंग्लैंड में एयरलाइंस, एटीएम, बैंकिंग और कॉर्पोरेट कंपनियों के कामकाज पर बुरा असर पड़ा है। ब्रिटेन में तो टेलीविजन का प्रसारण ठप हो गया। तकनीकी भाषा में इसे मेगा आईटी आउटेज कहा जा रहा है। दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो रहे हैं। इस वजह से कंप्यूटर की स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। इस एक खराबी ने पूरी दुनिया को ये भी अहसास करवाया है कि माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर की क्या ताकत है। कैसे वह दुनिया को कंट्रोल करता है और कैसे उसके सिस्टम में आई जरा सी खराबी पूरी दुनिया को जहां का तहां रोक सकती है। माइक्रोसॉफ्ट के इस ग्लिच से मुंबई से बर्लिन तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। माइक्रोसॉफ्ट की वजह से इजराइल में सेंट्रल बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हुई हैं। स्पेन में एयर सर्विस प्रभावित हुई। भारत में स्पाइस जेट, इंडिगो और आकासा के टिकट बुकिंग में दिक्कत आ रही है। ऑस्ट्रेलिया में न्यूज चैनल के कामकाज पर इसका असर हुआ। इस घटना के चलते दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट उपयोगकर्ताओं ने बैंकों और एयरलाइंस सहित अन्य सेक्टरों में व्यापक व्यवधान की सूचना दी। प्रौद्योगिकी कंपनी ने कहा है कि वह धीरे-धीरे माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं तक पहुंच को प्रभावित करने वाली समस्या को ठीक कर रही है। व्यवधान का कारण, प्रकृति और पैमाना स्पष्ट नहीं है। माइक्रोसॉफ्ट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि "स्थिति में सुधार हो रहा है।" हालांकि घंटों बाद भी दुनियाभर में व्यवधान बढ़ने की खबरें आ रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर को कब तक ठीक कर लिया जाएगा और विमान, बैंकिंग व रेल सेवाएं दोबारा कब से शुरू हो पाएंगी, इस बारे में अभी कोई सटीक दावा कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा है, मगर दुनियाभर के सैकड़ों सॉफ्टवेयर इंजीनियर और साइबर विशेषज्ञ समस्या का समाधान खोजने के प्रयास में जुट गए हैं। उपयोगकर्ताओं द्वारा सूचित की गई इंटरनेट रुकावटों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' ने बताया कि वीजा, एडीटी सिक्योरिटी और अमेजन, तथा अमेरिकन एयरलाइंस और डेल्टा समेत विभिन्न एयरलाइनों में सेवाओं में व्यवधान बढ़ा है। हालांकि अभी तक तकनीकी खामी को वजह माना जा रहा है, मगर इस घटना के पीछे साइबर हमले की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अनेक विशेषज्ञ इसकी आशंका जता रहे हैं। अगर ऐसा है तो बहुत गंभीर मामला है। इससे यह भी साबित हो गया कि दुनियाभर में दहशत पैदा करना या दुनिया की रफ्तार को रोकना किसी के लिए कितना सहज है। हमें विचार करना होगा कि हम तकनीक के कितने गुलाम हो रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि सॉफ्टवेयर की खराबी जल्द सुलझ जाएगी और दोबारा ऐसा न हो, इसके भी प्रबंध किए जाएंगे।

# एसडीजी में भारत का शानदार प्रदर्शन



विश्लेषण
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

2015 से पहले मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स-एमडीजी को जिस मनोभाव से एसडीजी-सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल्स जब नाम दिया गया था तो बड़े दावे किए गए थे कि हम विश्व के लोग एमडीजी में जो कर पाए वह कर पाए, लेकिन अब हम एसडीजी में इससे भी बड़ा लक्ष्य रखेंगे और काफी कुछ कर गुजरेंगे। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एसडीजी की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हम नेक हों तो जो 2047 तक विकसित भारत की दिशा में प्रगति का हमारा दावा है, उसके अनुरूप काम करने की जरूरत होगी। प्रतिबद्ध कदम व भारत के प्रतिबद्ध नागरिक यदि एक हों, तो भारत का जो आज एसडीजी प्रदर्शन है वह विश्व में श्रेष्ठ गिना जाएगा।

दुनिया में एक शब्द गूंज रहा है-एसडीजी। यह शब्द दुनिया को बेचैन कर रखा है, क्योंकि सच्चाई यह है कि 2015 से पहले मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स-एमडीजी को जिस मनोभाव से एसडीजी-सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल्स जब नाम दिया गया था तो बड़े दावे किए गए थे कि हम विश्व के लोग एमडीजी में जो कर पाए वह कर पाए, लेकिन अब हम एसडीजी में इससे भी बड़ा लक्ष्य रखेंगे और काफी कुछ कर गुजरेंगे। अब पूरा विश्व दबाव में है। संयुक्त राष्ट्र दबाव में है। वर्ल्ड बैंक, एडीबी और दूसरी अंतरराष्ट्रीय महत्व की एजेंसियां दबाव में हैं कि जो दावे हम सबने और जो लक्ष्य निर्धारित किए, वह तो हमसे बहुत दूर हैं।

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एसडीजी की दिशा में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। उसने समन्वय की रणनीति को अपनाया है और यह कोशिश की है कि सतत विकास लक्ष्य को हासिल करने में पुरजोर कोशिश करेंगे, चाहे जितना हमसे दूरी तय हो सके। सतत विकास लक्ष्य को लेकर वैसे तो संयुक्त राष्ट्र में लगातार बैठकें हो रही हैं। जिन चीजों से दुनिया को खतरे हैं और मनुष्यता के खिलाफ हैं, उसके खिलाफ आवाज़ उठाई जा रही है। यह कहा जा रहा है की जो विश्व का सामान्य जीवन-गुणवत्ता बनाए रखने का पैरामीटर हैं, उसे पर देश ज्यादा ध्यान दे, लेकिन सच यह है कि विश्व के लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रत्येक दिन संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष, महासचिव और उप-महासचिव के दफ्तर से जारी किए गए पत्रों को ही आंकलित किया जाए तो यह पता चलता है की जिन देशों को संयुक्त राष्ट्र से पत्र भेजे गए उसका ज़वाब भी समय से नहीं दिया जा रहा है। इस आशय का दस्तावेज़ कोई भी देश जारी करने से बच रहा है कि उसने क्या ज़वाब दिया और उसकी क्या उपलब्धियां हैं। इस बीच एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 जारी की गई है। उसमें एसडीजी इंडिया इंडेक्स की मुख्य विशेषताएं गरीबी उन्मूलन, भूख से मुक्ति, अच्छा स्वास्थ्य और खुशहाली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, अच्छा काम और आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और इंफ्रास्ट्रक्चर, असमानताओं में कमी, स्थायी शहर और समुदाय, जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन, जलवायु के अनुकूल कार्रवाई, भूमि पर जीवन, शांति, न्याय और मजबूत संस्था सभी क्षेत्रों में उल्लिखित की गई हैं। यह भी कहा गया है कि भारत का समग्र स्कोर 2018 में 57 से बढ़कर 2020-21 में 66 था और अब 2023-24 में 71 हो गया। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एसडीजी की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत ने शहरी विकास और गरीबी उन्मूलन, भूख और शिक्षा, पर्यावरण और शांति, न्याय के लिए समान रूप से ध्यान दिया है। मुख्य बात यह है कि भारतीय संघ में समन्वित व निर्णायक लक्ष्य तक पहुंचना एक कठिन चुनौती है, क्योंकि यहां की सांस्कृतिक और भौगोलिक विविधता लक्ष्य तक पहुंचने में आड़े आती है। फिलहाल भारत की प्रतिबद्धता नीति आयोग की अगुवाई में संचालित है। एसडीजी लक्ष्य पर्याप्त प्रयासों से ही संभव हैं। इसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर हासिल करने की चुनौती




है। विगत लगभग एक दशक में जो भी लक्ष्य हासिल किए गए हैं, उसमें सबकी अपनी-अपनी भूमिका है। समग्र स्कोर के हिसाब से यदि जमीनी सच्चाई है तो निश्चय ही भारत एसडीजी हासिल करने में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, ऐसा कहा जा सकता है।

सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक प्रमुख क्रियाकलापों में प्रधानमंत्री आवास योजना-पीएमएवाई के तहत 4 करोड़ से अधिक घर, ग्रामीण क्षेत्रों में 11 करोड़ शौचालय और 2.23 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसर, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन,जल जीवन मिशन के तहत 14.9 करोड़ से अधिक घरों में नल का जल कनेक्शन, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 30 करोड़ से अधिक लाभार्थी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को कवरेज, प्रधानमंत्री-जन धन खातों के माध्यम से 34 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, कौशल भारत मिशन के तहत 1.4 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित और कौशलयुक्त मानव संसाधन बनाने की बात की गई है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत युवाओं की उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं के लिए 43 करोड़ ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जो कुल मिलाकर 22.5 लाख करोड़ रुपये हैं। युवाओं की सहायता के लिए स्टार्ट-अप-इंडिया और स्टार्ट-अप-गारंटी योजनाएं, बिजली तक पहुंच के लिए सौभाग्य योजना, नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर देने के दावे में 73.32 गीगावॉट ऊर्जा की पहुंच बताई गई है। इंटरनेट डेटा की लागत में 97% की कमी के साथ डिजिटल बुनियादी ढांचे में सुधार, जिसने बदले में वित्तीय समावेशन को सकारात्मक रूप से प्रभावित और बढ़ावा दिया गया है, इत्यादि दावे भारत सरकार के नीति आयोग ने एसडीजी लक्ष्य बताया है। यह सब दावे निश्चय ही उल्लेखनीय हैं लेकिन इसमें जो बुनियादी सफलता है, वह यह है कि सरकार अनुकूल विजुअलाइजेशन के लिए उसे जमीनी स्तर पर देख सकती है। इसी से 71 तक स्कोर बढ़ा है। नीति आयोग के दावे और उसकी अपनी संतुष्टि चाहे जो भी हो लेकिन अब भारत को बेहतरी की ओर बढ़ने की ज़रूरत है। जिन क्षेत्रों में सतत विकास लक्ष्य को लेकर हमारी खामियां हैं क्या भारत सरकार उसके लिए कोई ऐसा मापांक तैयार कर पाया है? प्रश्न यह है कि भारत में जो जनजीवन है वह एसडीजी के दावों के मुताबिक ही प्रगति कर सका है, इसको परखने के लिए कोई अलग से मॉनीटरिंग व्यवस्था सरकार अब तक खड़ी कर सकी है? यदि नहीं तो जो डाटा भारत की ओर से दिया जा रहा है, उसे कल झुठलाने वाले खड़े होंगे तो कोई सरकार के पास ज़वाब नहीं होगा।

भारत को यह दिखाना होगा कि वह कुछ बेहतर कर रहा है तो उसे अपने देश के रक्षा सौदों में निवेश को रोकना होगा। कुछ विशेष न हो तो जो संत महात्मा प्रवचन करके अपने होने का एहसास दिलाते हैं। उनके माध्यम से जन-जन में प्रेम व शांति बनाने की कोशिश करनी होगी। वे भारत में अपराध कम करने के लिए क्या अवदान दे सकते हैं, इसके लिए एडवाइजरी जारी होनी चाहिए। संत व प्रवचनकर्ता कितने लोगों को मुख्यधारा में शामिल कर शांति स्थापित किए, यह मायने रखता है। भारत रक्षा सौदे में निवेश की जगह शिक्षा व स्वास्थ्य, अच्छे मानव संसाधन तैयार करने हेतु निवेश बढ़ाए, जलवायु सुरक्षा के लिए कार्य करे, इसके लिए राज्य की ओर से विशेष एडवाइजरी यदि बने तो भारत एसडीजी लक्ष्य में कुछ अलग प्रदर्शन कर सकेगा। हमारा लक्ष्य है कि हम नेक हों और विश्व में हमारे अभिषेक हों तो जो 2047 तक विकसित भारत की दिशा में प्रगति का हमारा दावा है, उसके अनुरूप काम करने की जरूरत होगी। इसके लिए भारत के निर्णायक कर्त्तव्य ही उसे इस स्तर पर ले जा सकते हैं। प्रतिबद्ध कदम, प्रतिबद्ध नेतृत्व व भारत के प्रतिबद्ध नागरिक यदि एक हों, तो भारत का जो आज एसडीजी प्रदर्शन है वह विश्व में श्रेष्ठ गिना जाएगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



लोहागढ़ किला समुद्र तल से 3400 फीट की ऊंचाई पर स्थित यमहाराष्ट्र की प्रमुख ऐतिहासिक धरोहर में से एक है। यह प्रसिद्ध किला पुणे से 52 किलोमीटर दूरी पर स्थित हैं। महाराष्ट्र के प्रमुख किले में में से एक लोहागढ़ का किला 18 वीं शताब्दी का किला हैं जोकि ऐतिहासिक महत्व के साथ साथ अलग-अलग समय में कई राजवंशों के लिए शक्ति का प्रमुख केंद्र रहा है।

## विश्व शतरंज दिवस
डॉ. मोनिका शर्मा



# मान बढ़ा रही नई पीढ़ी

दुनियाभर में शतरंज के खेल में भारत की नई पीढ़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। ऊर्जा और आशाओं से भरे इन युवाओं ने शतरंज के खेल की बिसात पर भारतीय मेधा का लोहा मनवाया है, जिसके चलते इस खेल में हमारे देश की धाक और साख दोनों बढ़ी है। कई युवा खिलाड़ियों ने इस दिमागी खेल में देश को विशेष पहचान दिलाई है। ज्ञात हो कि शतरंज का खेल मूलतः भारत से निकलकर ही दुनियाभर में पहुंचा है। पहले इस खेल को 'चतुरंग' के नाम से जाना जाता था। अब 1924 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिड़े) के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए हर वर्ष 20 जुलाई को विश्व शतरंज दिवस मनाया जाता है। सुखद है कि भारत से ही अरब होते हुए यूरोप तक पहुंचने वाले इस खेल में भारत अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। विश्वनाथन आनंद के बाद अब युवा पीढ़ी शतरंज में देश का प्रभावी प्रतिनिधित्व कर रही है। आनंद 1988 में भारत के पहले ग्रैंडमास्टर बने थे। हाल ही में 21 साल के अर्जुन एरिगासी शतरंज की दुनिया में उपस्थिति दर्ज कराते हुए देश के नए नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी बने हैं। अप्रैल-2024 की इंटरनेशनल चेस फेडरेशन की वर्ल्ड रैंकिंग सूची में अर्जुन 9वें स्थान पर हैं। यह वैश्विक रैंकिंग पाने के बाद अर्जुन एरिगासी ने विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ दिया है। सुखद है कि इस खेल में विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद अगली पीढ़ी के भारतीय खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल के वर्षों में कई युवा खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर इस खेल में धाक जमाई है। कुछ समय पहले डोम्माराजू गुकेश ने फिडे कैंडिडेट्स 2024 जीतकर इतिहास के पन्नों पर अपना नाम लिखवाया है। गौरतलब है कि गुकेश कास्परोव के पांच साल के जीत के रिकॉर्ड को तोड़कर सबसे कम उम्र के विजेता बन गए हैं। शीर्ष रैंक वाले भारतीय शतरंज खिलाड़ियों में विश्वनाथन, गुकेश, प्रगनानंद, अर्जुन एरिगासी और विदित गुजराती समग्र संसार को भारत की प्रतिभा से परिचय करवा रहे हैं। डोम्माराजू गुकेश तो मौजूदा समय में दुनिया के तीसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर हैं। वहीं प्रगनानंद इस खेल के सबसे चर्चित चेहरों में एक बने हुए हैं। 10 साल की आयु में अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतकर प्रगनानंद शतरंज के इतिहास में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। वहीं 29 साल के विदित गुजराती भी देश के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं। विदित ने अपना पहला विश्व कप 2015 में खेला था। 2017 और 2019 में विदित तीसरे राउंड तक पहुंचने में सफल रहे। शतरंज में महिला खिलाड़ी भी देश का मान बढ़ाने में पीछे नहीं हैं। कोनेरू हम्पी,वैशाली रमेश बाबू, हरिका द्रोणावल्ली चर्चित खिलाड़ी हैं। 2008 में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली हरिका 2024-2025 फिडे महिला ग्रैंड प्रिक्स सीरीज में भारत का नेतृत्व करने जा रही हैं। वहीं वैशाली रमेश बाबू को अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ द्वारा ग्रैंडमास्टर की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। वैशाली, कोनेरू हम्पी और हरिका के बाद यह उपाधि पाने वाली तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर हैं। ध्यातव्य है कि वैशाली और प्रगनानंद भाई-बहन हैं। यह दुनिया की पहली ग्रैंडमास्टर भाई-बहन की जोड़ी भी है। शतरंज के खेल में अपनी रणनीतिक चालों के जरिये भारतीय मेधा से दुनिया का परिचय करवा रहे इन युवा चेहरों ने अपनी ही नहीं देश की भी विशेष पहचान बनाई है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# अंतर लोक की यात्रा का समय चातुर्मास




संकलित
## दर्शन

चातुर्मास आत्मशुद्धि का पर्व है। संस्कार शुद्धि का अवसर है। मनीषियों ने मन की साधना को परिपक्व एवं पुष्ट करने के लिए तन की तीन विधियां प्रतिपादित की हैं। आतप ग्रहण, शीत सहन और प्रतिसंलीनता। इन तीन विधियों के अनुष्ठान के लिए अलग-अलग ऋतुओं का विधान किया है। ग्रीष्म ऋतु आतप ग्रहण के लिए सबसे सही मानी गई है। सूर्य की ऊर्जा का पृथ्वी से सर्वाधिक संपर्क गर्मी के मौसम में होता है। शरीर के अंदर विद्यमान पृथ्वी तत्त्व चार माह तक यदि सूर्य की सन्निधि में रहता है तो पृथ्वी तत्त्व में सघनता बढ़ती जाती है। उसमें स्थायित्व गुण का विकास होता है। शीत ऋतु में जलीय तत्व प्रचुर मात्रा में प्रकृति में होता है। यह समय ही शरीर में अधिकतम जल संचयन का है। अत साधकों को निर्देश दिया है कि वे रात्रि में एकांत में शीत सहन करें। वर्षा ऋतु, प्रतिसंलीनता नामक तप के लिए सबसे सही समय है। यों तो ग्रीष्म और शरद ऋतु के भी चार-चार महीने होते हैं, पर चातुर्मास शब्द वर्षा के चार महीनों के लिए ही प्रयुक्त हुआ है। जैन शास्त्रों में इसे 'वर्षावास' कहा है अर्थात वर्षा के समय में 'आवास' करना है, यात्रा नहीं। इस तप में बहिर्यात्रा बंद तथा अंतर्यात्रा प्रारंभ हो जाती है। अंतर्यात्रा के प्रस्थान बिंदुओं और पड़ावों में चार तत्त्व मुख्य रूप से उभरते हैं। प्रथम है देह, द्वितीय है मन, तीसरा है कर्म और चौथा है आत्मा। पहले देह की गतिविधियां न्यूनतम स्तर पर लाई जाती हैं।


# ईश्वर की खोज से पहले स्वयं को समझें



संकलित
## प्रेरणा

इंसान की इच्छा हमेशा दूसरों को जानने में अधिक रहती है, लेकिन खुद को जानने की न तो उसके पास इच्छा है और न ही समय। ईश्वर की खोज भी वह इसी इच्छा के अधीन होकर करता है। इस इच्छा की पूर्ति के लिए वह तमाम जतन भी करता है, लेकिन वह भूल जाता है कि ईश्वर की खोज करने से पहले स्वयं को समझना जरूरी होता है। स्वयं को जाने बिना, अपनी सोच के तौर-तरीकों को समझे बिना, अपनी संस्कारबद्धता की पृष्ठभूमि को समझे बिना, आप किसी भी चीज की सही-सही परख कैसे कर सकेंगे? यदि आप ईश्वर या सत्य या और किसी नाम से 'तुष्टि' की खोज कर रहे हैं, तो नाम चाहे कुछ भी हो, आपको पता होना चाहिए कि वह चीज असल में क्या है, जिसे आप पाना चाहते हैं। जब आप कहते हैं, 'मैं स्थायी खुशी की तलाश कर रहा हूं' ईश्वर, या सत्य या कुछ और पाना चाहता हूं, तो आपको उस खोज करने वाले को भी समझना होगा, जो इस तलाश में लगा है। यह संभव है कि स्थायी सुरक्षा, स्थायी खुशी नाम की कोई चीज ही न हो। हो सकता है कि सत्य पूर्णतया भिन्न हो और मुझे लगता है कि आप जो देखते हैं, सोचते हैं, प्रतिपादित करते हैं, सत्य उन सबसे पूर्णतया भिन्न है, इसलिए किसी स्थायी चीज को खोजने से पहले क्या यह जरूरी नहीं लगता कि पहले खोजने वाले को समझा जाए? क्या खोजने वाला उस चीज से अलग है, जिसे वह खोज रहा है? जब आप कहते हैं, 'मैं सुख खोज रहा हूं' तो क्या खोज करने वाला खोज के लक्ष्य से भिन्न है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरनाथ यात्रा मंगलमय हो

बाबा बर्फानी अर्थात अमरनाथ की यात्रा शुरू हो चुकी है। सरकार और प्रशासन ने श्रद्धालुओं को हर सुविधा उपलब्ध कराने के पुख्ता इंतजाम तो किए ही हैं, आतंकवाद से सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सेना भी तैयार है। लेकिन इस यात्रा को और सुखद, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए श्रद्धालुओं को भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार और प्रशासन ने जो भी नियम इस यात्रा के लिए बनाए हैं, उनका पालन गंभीरता से करना चाहिए। जो भी रास्ता प्रशासन ने बताया है या जिन चीजों के लंगर लगाने की इजाजत दी है, उसी रास्ते का प्रयोग करना चाहिए और उन्हीं चीजों के लंगर लगाने चाहिए। दूसरा, लोगों को वहां शांति और अनुशासन में रहकर यात्रा करनी चाहिए, भगदड़ करने से बचना चाहिए। **– रमेश साहू, बिलासपुर**

## ट्रेंड

### सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश



इस महीने की मन की बात, जो रविवार 28 तारीख को होगी, के लिए मुझे कई इनपुट मिल रहे हैं। यह देखकर खुशी हुई कि कई युवा विशेष रूप से हमारे समाज को बदलने के उद्देश्य से सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश डालते हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अहंकार छोड़ देंगे



मानवता में शांति भौतिकवादी राजनीतिक विचारधारा धर्म द्वारा स्थापित नहीं की जा सकती। यह तभी उत्पन्न हो सकती है जब वेदों के अनुसार आत्म-जागरूक ब्रह्मांड की शांति अपनाएंगे और अहंकार छोड़ देंगे।
**-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक**

### साझी विरासत पर हमला



हमारा संविधान हर नागरिक को गारंटी देता है कि उसके साथ जाति, धर्म, भाषा या किसी अन्य आधार पर भेदभाव नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में ठेलों और दुकानों पर मालिकों के नाम का बोर्ड लगाने का आदेश संविधान और साझी विरासत पर हमला है।
**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव**

### आजीवन प्रतिबद्धता पर गर्व



मुझे और मेरी बहनों को मेरी दिवंगत मां इंदिरा और शिक्षा के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता पर बेहद गर्व है। उनकी स्मृति में महिंद्रा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एजुकेशन को स्थापित करना हमारा सौभाग्य था।
**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

## करंट अफेयर


# भारत डब्ल्यूएचसी के 46वें सत्र की मेजबानी को तैयार



भारत 21 से 31 जुलाई के बीच देश में पहली बार आयोजित किए जा रहे विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। सूत्रों ने बताया कि इस सत्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं। सत्र से पहले सरकार ने हाल ही में एक सार्वजनिक कला परियोजना शुरू की है, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और देश के यूनेस्को विरासत स्थलों पर आधारित कलाकृतियां शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित 46वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक के तहत विश्व धरोहर स्थलों और भारत के प्राकृतिक विश्व धरोहर स्थलों से प्रेरित कुछ कलाकृतियां और मूर्तियां जैसे भीमबेटका को प्रस्तावित कलाकृतियों में विशेष स्थान दिया जाएगा। विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) का 46वां सत्र भारत में पहली बार 21-31 जुलाई के बीच दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 21 जुलाई को इस कार्यक्रम का उद्घाटन कर सकते हैं। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने बताया कि पिछले साल सितंबर में 'होयसल के पवित्र स्थलों' को प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिलने के साथ ही भारत में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है।

## ऑफ बीट

# गंगा, यमुना में पूजा-पाठ सामग्री फेंकने से रोकने के उपाय सुझाए



गंगा और यमुना नदियों में पूजा पाठ की सामग्री फेंकने से रोकने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने समारोह, अनुष्ठान और मूर्ति विसर्जन के लिए खास स्थान विकसित करने सहित अतिरिक्त कदम उठाने का सुझाव दिया है। एनजीटी ने गढ़मुक्तेश्वर, कानपुर, बिठूर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा और मथुरा के जिलाधिकारियों को उन स्थानों को चिह्नित करने और उन पर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया, जहां ऐसी वस्तुएं फेंकने या विसर्जित करने की संभावना है। एनजीटी एक मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने यमुना और गंगा नदियों में पॉलीथीन की थैलियों में पैक किए गए फूल और मालाओं को फेंकने के संबंध में एक समाचार पत्र की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया था। हाल में एक आदेश में एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि अधिकरण के पूर्व निर्देशों और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति तथा यमुना प्रदूषण से निपटने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के विभिन्न निर्णयों के बावजूद पूजा सामग्री और मालाएं फेंकने के कारण प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरूण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### होर्डिंग गिरने के मामले में हलफनामा दायर करे

**मुंबई (भाषा)।** बंबई उच्च न्यायालय ने घाटकोपर में होर्डिंग गिरने के मामले में गिरफ्तार विज्ञापन कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे की याचिका पर शुक्रवार को पुलिस को विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। भिंडे ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने और याचिका पर सुनवाई लंबित रहने तक अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करते हुए दावा किया है कि होर्डिंग गिरना "दैवीय घटना" थी।

### नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगी ममता!

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अगले सप्ताह नयी दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की बैठक में शामिल हो सकती हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके 25 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई को नीति आयोग की शासी परिषद की नौवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### उप्र रेल हादसाः मृतकों की संख्या अब हुई चार

**गोंडा (उप्र) (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के गोंडा में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है, जबकि 31 लोग घायल हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पूर्वोत्तर रेलवे के गोंडा-गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज और झिलाही रेलवे स्टेशन के बीच बृहस्पतिवार दोपहर को ट्रेन के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए थे।

### अमरनाथ यात्राः जम्मू से एक और जत्था रवाना

**जम्मू (भाषा)।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में हिम शिवलिंग के दर्शन के लिए जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 4,821 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शुक्रवार को तड़के रवाना हुआ। 150 वाहनों में सवार 4,821 तीर्थयात्रियों के 22वें जत्थे ने तड़के तीन बजकर पांच मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से आगे की यात्रा शुरू की। इस जत्थे में 3,259 पुरुष, 1,482 महिलाएं और आठ बच्चे शामिल हैं।

# कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर बढ़ा विवाद

**यात्रा मार्ग की सभी दुकानों पर मालिकों को नाम लिखने होंगे**

**प्रियंका गांधी बोलीं-यह लोकतंत्र पर हमला** | **एनडीए के तीन सहयोगी दल भी खुलकर सामने आ गए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/लखनऊ

उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्गों पर पड़ने वाली दुकानों में दुकानदार को अपना नाम लिखना होगा। इसमें दुकान मालिक का नाम और डिटेल लिखी जाएगी। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह आदेश जारी किया।

इस पर सरकार का कहना है कि कांवड़ यात्रियों की शुचिता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया है। इसके अलावा, हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर भी कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश के बाद उत्तराखंड के हरिद्वार में भी यह आदेश लागू कर दिया गया है। वहीं, प्रियंका गांधी ने इस फैसले को लोकतंत्र पर हमला बताया है। वहीं उप्र सरकार के इस आदेश के खिलाफ एनडीए के तीन सहयोगी दलों ने अपना विरोध जताया है। आरएलडी ने इसके गलत परंपरा बताया, तो लोजपा (रामविलास) अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी इस फैसले का समर्थन करने से इनकार किया। वहीं, जेडीयू का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार को फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

**अब उत्तराखंड के हरिद्वार में भी यह आदेश लागू**

**22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा**






### यह है मामला

कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से शुरू हो रही है। इसी को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा है। इसी को लकेर मुजफ्फरनगर पुलिस ने 3 दिन पहले जारी एक आदेश में कहा था कि कांवड़ रास्ते की दुकानों में मालिक अपना नाम लिखवाएं, ताकि कांवड़ियों में असमंजस की स्थिति न हो। इस आदेश के बाद अब राजनीति शुरू हो गई है। गौरतलब है कि कुछ मुस्लिम होटल संचालक हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर होटल खोले हैं। इससे श्रद्धालु भ्रमित हो जाते हैं। पुलिस जांच में ऐसे 8 होटल मिले, जो मुसलमानों के थे, लेकिन होटलों के नाम हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर रखे गए थे। इसके बाद एसएसपी अभिषेक सिंह ने अपील की कि अपने होटल का नाम बदल लें और वहां काम करने वालों के नाम बोर्ड पर लिखवा दें।

### आदेश वापस लिया जाए

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के मार्ग में पड़ने वाली दुकानों के मालिकों के नाम लिखने का आदेश विभाजनकारी तथा संविधान एवं लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने कहा कि यह आदेश वापस लिया जाना चाहिए और इसे जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने का आदेश दिया है, ताकि "भ्रम की स्थिति" से बचा जा सके। विपक्षी दल इस आदेश को समुदाय विशेष के व्यापारियों को निशाना बनाने के प्रयास के तौर पर देख रहे हैं।



प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "हमारा संविधान हर नागरिक को गारंटी देता है कि उसके साथ जाति, धर्म, भाषा या किसी अन्य आधार पर भेदभाव नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में ठेलों, खोमचों और दुकानों पर उनके मालिकों के नाम का बोर्ड लगाने का विभाजनकारी आदेश हमारे संविधान, हमारे लोकतंत्र और हमारी साझी विरासत पर हमला है। समाज में जाति और धर्म के आधार पर विभाजन पैदा करना संविधान के खिलाफ अपराध है।

## प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के लिए सुझाव मांगे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

■ मन की बात कार्यक्रम का 112वां संस्करण होगा



प्रधानमंत्री मोदी ने इस महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होने वाले आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के लिए शुक्रवार को नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। इस कार्यक्रम का प्रसारण 28 जुलाई को होगा। यह 'मन की बात' कार्यक्रम का 112वां संस्करण होगा। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि विशेष रूप से कई युवा समाज में परिवर्तन लाने के लक्ष्य से किये जा रहे सामूहिक प्रयासों को रेखांकित कर रहे हैं। मुझे इस महीने के 'मन की बात' के लिए बहुत से सुझाव मिल रहे हैं, जो रविवार 28 तारीख को प्रसारित होगा। यह देखकर खुशी हुई कि कई युवा, विशेष रूप से हमारे समाज को बदलने के उद्देश्य से किए जा रहे सामूहिक प्रयासों को रेखांकित कर रहे हैं। आप माय गोव नमो ऐप पर सुझाव साझा कर सकते हैं या 1800-11-7800 पर अपना संदेश रिकॉर्ड कर सकते हैं। इस कार्यक्रम की 111वीं कड़ी का प्रसारण 30 जून को हुआ था। मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद 'मन की बात' की यह पहली कड़ी थी। चुनाव की घोषणा के बाद लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर चुनाव के दौरान इसकका प्रसारण स्थगित कर दिया गया था।

## भाजपा महाराष्ट्र चुनाव के लिए तैयार

भाषा ▶▶ मुंबई

गठबंधन उम्मीदवारों की जीत के लिए कड़ी मेहनत करेगी : बावनकुले



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी कुछ महीनों में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए तैयार है और यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करेगी कि सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी उम्मीदवार चुनाव जीत जाएं।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को हुई बैठक में राज्य भाजपा के 30 सदस्यीय कोर समूह के साथ चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि दिन में भी विचार-विमर्श जारी रहेगा। बावनकुले ने कहा कि चर्चा पार्टी की जमीनी स्तर पर मजबूती पर केंद्रित थी और महायुति सहयोगियों या उसके नेताओं के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा गया। महायुति में भाजपा के साथ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रविवार को पुणे में होने वाले भाजपा के राज्य सम्मेलन में करीब 5,300 प्रतिनिधि भाग लेंगे। पहले सत्र को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी संबोधित करेंगे, जबकि सम्मेलन के दूसरे भाग को अमित शाह संबोधित करेंगे।

### महाराष्ट्र में 'भ्रष्ट' सरकार को हराने के लिए एमवीए प्रतिबद्ध

**मुंबई (भाषा)।** कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी महाविकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन महाराष्ट्र में 'भ्रष्ट' सरकार को हराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को करारा सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष अच्छा प्रचार करेगा और उनकी पार्टी के सभी नेताओं को एक स्वर में बोलने के लिए कहा गया है।

■ महाराष्ट्र परिषद चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी को वोट न देने वालों पर कार्रवाई हुई

पिछले सप्ताह महाराष्ट्र विधान परिषद की 11 सीट पर हुए चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को वोट नहीं देने वाले विधायकों के खिलाफ पार्टी ने कार्रवाई की।

कांग्रेस महासचिव (संगठन) ने विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों की समीक्षा और चुनाव रणनीति तय करने के लिए यहां एक बैठक करने के बाद संवाददाताओं से यह बात कही। महाराष्ट्र में इस वर्ष अक्टूबर में चुनाव होने हैं। महाराष्ट्र की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारा सबक सिखाएगी और हम चोरी से बनाई गई भ्रष्ट सरकार को हराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने महायुति सरकार की 'काली करतूतों' पर किताब जारी की

**मुंबई (भाषा)।** शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ महायुति सरकार की 'काली करतूतों' पर एक किताब के विमोचन के साथ महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया। पुस्तक का विमोचन करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने इसे "ट्रिपल इंजन नहीं, बल्कि ट्रबल इंजन" (तीन इंजनों वाली नहीं, मुसीबत वाली) सरकार करार दिया। राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल हैं।



पाटिल ने कहा कि वंचित महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक सहायता देने का वादा करने वाली "लाड़की बहन योजना' के स्थान पर 'लाड़की खुर्ची (कुर्सी) योजना' शुरू की जानी चाहिए ताकि "मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा रखने वाले सभी लोगों की मांगों को पूरा किया जा सके।" महायुति सरकार के 'काले कारनामों' पर अपनी किताब में, राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने सत्तारूढ़ गठबंधन की 10 'विफलताओं' को उजागर किया, जबकि राज्य में 'कुशासन' और 'भ्रष्टाचार' पर तीखा हमला किया।

### पंजाब को मेगा फूड पार्क देने की मांग केंद्रीय मंत्री पासवान से मिले खुड्डियां

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** पंजाब में कृषि को लाभदायक बनाने, रोजगार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए पंजाब के कृषि और किसान कल्याण एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान को बठिंडा में मेगा फूड पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव सौंपा है। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान खुड्डियां ने मालवा क्षेत्र में मेगा फूड पार्क की आवश्यकता के बारे में बात करते हुए कहा कि यह मेगा फूड पार्क जल्द खराब होने वाली कृषि उपज से प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्माण करके घरेलू और निर्यात बाजार के लिए उपयुक्त और लाभदायक साबित होगा। खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की मेगा फूड पार्क योजना के तहत लुधियाना जिले में लाडोवाल में स्थापित मेगा फूड पार्क की सफलता को देखते हुए मालवा में एक और मेगा फूड पार्क स्थापित करने की बड़ी संभावनाएं हैं।

■ केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री को बठिंडा में मेगा फूड पार्क स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव सौंपा

### एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में किया जाएगा जागरूकः चौहान

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के 'धरती मां को रसायनों से बचाने के स्वप्न' को पूरा करते हुए हम पूरी कोशिश करेंगे। ताकि आने वाले समय में किसान रसायन मुक्त खेती करें ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ्य रहे। देश के एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया जाएगा ताकि वे देश के हर कोने में जाकर इसका प्रचार कर सके। उन्होंने देश के किसानों का आह्वान किया कि वे अपने खेत के एक हिस्से पर प्राकृतिक खेती करें। उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में चौहान ने कहा कि शुरुआती तीन सालों में जब किसान प्राकृतिक खेती करेंगे तो पैदावार कम होगी और ऐसी स्थिति में सरकार किसानों को सब्सिडी देगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उगाए हुए अनाजों, फलों और सब्जियों की बिक्री से किसानों को डेढ़ गुना ज्यादा दाम मिल जायेंगे। देश के कृषि विश्वविद्यालयों में प्राकृतिक खेती के अध्ययन व खोज के लिए प्रयोगशालाओं को स्थापित किया जाएगा।

■ प्राकृतिक खेती पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम लखनऊ में हुआ आयोजित

**बिरला ने गठित की कार्य मंत्रणा समिति**

## संसद सत्र के लिए छह विधेयक सूचीबद्ध

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के आगामी सत्र में विमानन क्षेत्र में कारोबार सुगमता के प्रावधान मुहैया कराने के लिए 90 साल पुराने विमान अधिनियम का स्थान लेने वाले विधेयक समेत छह नए विधेयकों को पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया है।

वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है।

■ संसद का सत्र 22 जुलाई से शुरू और 23 को आम बजट

लोकसभा में बृहस्पतिवार को जारी बुलेटिन में कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न संगठनों की भूमिका में अधिक स्पष्टता और तालमेल लाना है। भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए सक्षम प्रावधान प्रदान करने की खातिर 1934 के विमान अधिनियम को बदलने का प्रयास करता है। संसद का सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। सत्र 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं।

**बीएसी में यह लोग शामिल**



### यह विधेयक आएंगे

सत्र के दौरान पेश और पारित किए जाने वाले अन्य विधेयकों में स्वतंत्रता पूर्व के कानून की जगह लेने वाला बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है। बीएसी संसदीय कामकाज का एजेंडा तय करती है। समिति में सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस), पीपी चौधरी (भाजपा), लावू श्रीकृष्ण देवरायलु (तेदेपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), गौरव गोगोई (कांग्रेस), संजय जायसवाल (भाजपा), दिलेश्वर कामत (जदयू), भर्तृहरि महताब (भाजपा), दयानिधि मारन (द्रमुक), बैजयंत पांडा (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी), कोडिकुन्नील सुरेश (कांग्रेस), अनुराग ठाकुर (भाजपा) और लालजी वर्मा (सपा) शामिल हैं।



### ओडिशा में रथयात्रा समापन के साथ रसगुल्ला दिवस मनाया

**भुवनेश्वर (भाषा)।** वार्षिक रथ यात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ के 'नीलाद्रि बीजे' (मंदिर में प्रवेश से संबंधित अनुष्ठान) के अवसर पर ओडिशा में शुक्रवार को 'रसगुल्ला दिवस' मनाया गया जो राज्य के लोगों के लिए मिष्ठान्न के महत्व को रेखांकित करता है। इस दिन को 'रसगुल्ला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन परंपरा के अनुसार, भगवान जगन्नाथ अपनी रूठी पत्नी देवी लक्ष्मी को रसगुल्ला खिलाकर मनाते हैं। श्री जगन्नाथ संस्कृति के शोधकर्ता भास्कर मिश्रा ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी लक्ष्मी रथयात्रा में साथ नहीं ले जाए जाने की वजह से भगवान जगन्नाथ से नाराज हो जाती हैं।

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रतियोगिता में भाग लेने का सुनहरा मौका**

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा सरकार एक अनूठी और प्रेरणादायक प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। आईए हम मिलकर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के महान उद्देश्य को बढ़ावा दें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएं।

| प्रतियोगिता श्रेणियां | |
|---|---|
| गायन प्रतियोगिता | अपनी आवाज में जादू भरें और एक ऐसा गीत रिकार्ड करें जो बालिकाओं को बचाने और शिक्षित करने के महत्व पर जोर देता हो। |
| रेडियो जिंगल | बनाएं एक आकर्षक और प्रभावी रेडियो जिंगल जो हमारे संदेश को घर-घर तक पहुंचाए। |
| गीत | अपनी मौलिकता को निखारे और एक ऐसा गीत बनाएं जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ उत्सव मनाता हो। |
| रैप | लिखे और प्रस्तुत करें एक जोशिला जो बालिकाओं को शिक्षा और सुरक्षा के माध्यम से संशक्त बनाने के महत्व को उजागर करता हो। |
| वीडियो | अपनी रचनात्मकता को उड़ान दें और एक ऐसा विडियों बनाएं जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का संदेश दिल से दिल तक पहुंचाएं। |

**प्रस्तुति दिशा - निर्देश :-**

1. सभी प्रविष्टियां मौलिक और हरियाणवी भाषा में होनी चाहिए।
2. प्रत्येक प्रविष्टि की अवधि एक मिनट होनी चाहिए।
3. सुनिश्चित करें कि आपकी प्रतिष्टि स्पष्ट, उच्च गुणवत्ता वाली और थीम के अनुरूप हो।
4. प्रत्येक प्रतिभागी प्रति श्रेणी में एक प्रविष्टि जमा कर सकता है।
5. अपनी प्रतिविष्ट में अपना नाम, सम्पर्क जानकारी और जिला शामिल करें।
6. प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं, विशेष रूप से महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

| प्रस्तुति के लिए विषय | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ | 9 | छेड़छाड |
| 2 | भ्रूण हत्या | 10 | पीछा करना |
| 3 | महिला मुद्दे | 11 | साइबर अपराध |
| 4 | महिला हेल्पलाईन | 12 | महिलाओं का सशक्तिकरण |
| 5 | प्रधानमन्त्री मातृत्व वंदना योजना (PMMVY) | 13 | लिंग भेदभाव |
| 6 | मुख्यमन्त्री महिला सम्मान योजना (MMMSY) | 14 | घरेलू हिंसा |
| 7 | महिला अधिकार | 15 | महिला शिक्षा |
| 8 | महिलाओं के कानूनी अधिकार | | |

| पुरस्कार राशि | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | 5100/- |
| द्वितीय पुरस्कार | 3100/- |
| तृतीय पुरस्कार | 2100/- |

प्रत्येक जिले से प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन प्रतिष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा। विजेताओं को प्रमाण-पत्र और रोमांचक पुरस्कार मिलेंगे और उनके कार्यों को दूसरों को प्रेरित करने के लिए प्रदर्शित किया जाएगा।
**जमा करने की अंतिम तिथि**- सभी प्रतिभागी अपनी प्रस्तुति की हार्ड कॉपी दिनांक 29.07.2024 को सांय 05:00 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, झज्जर के कार्यालय में जमा करवाएं तथा दिनांक 30.07.2024 को प्रातः 09.30 संवाद भवन, लघु सचिवालय झज्जर में अपनी प्रस्तुति हेतु उपस्थित हों। सभी प्रस्तुतियां उपरांत कमेटी द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों का निर्णय किया जाएगा।
**कैसे जमा करें**- अपनी प्रतिष्टियां अपने जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को भेजे pojjr.wcd@gmail.com पर ई-मेल करें या wedradio2024@gmail.com पर ई-मेल करें। हमारे साथ बदलाव लाने में शामिल हों यह आपकी रचनात्मकता और प्रतिभा का उपयोग करके एक ऐसे उद्देश्य में योगदान देने का एक अदभुत अवसर है जो हम सभी को प्रभावित करता है। आइए हम मिलकर बालिकाओं को बचाने और शिक्षित करने के महत्व का जश्न मनाएं और बढ़ावा दें। हम आपके उत्साही भागीदारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

हस्ता/-
जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास
पीआरडीएच-1128/11/407/2025/28023/88/6 दि. 19.07.24 झज्जर।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी कैथल | पट्टी चौधरी में विस्तार नई अनाज मण्डी, कैथल में सीपीएफ-6 पर कवर्ड शैड (फाउंडेशन के ऊपर) का निर्माण + 1 कार्य। | 18.07.2024 02.08.2024 | 2.19 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416178720 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/28004/I/88/6 दि. 19.07.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | नगर पालिका कलानौर में कुटिया बाबा ब्रह्मदास सेवा समिति के निकट पार्क की चारदिवारी का प्लास्टर + 1 कार्य। | 16.07.2024 25.07.2024 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 [illegible] |
| 2 | नगर पालिका कलानौर | नगर पालिका कलानौर में नई अनुमोदित कॉलोनी, खातियां वाला मोहल्ला-II विस्तार और जिंधरान रोड पर जाट कॉलोनी विस्तार में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक्स का प्रावधान व बिछाना + 1 कार्य। | 18.07.2024 29.07.2024 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/28016/I/88/6 दि. 19.07.24

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**आवेदन आमंत्रण सूचना**

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्यिक प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला द्वारा रेलवे द्वारा नियुक्त अधिकृत टिकट एजेंटों जैसे JTBS, RTSA, RTA, STBA आदि और **आई आर सी टी सी** द्वारा नियुक्त अधिकृत टिकट एजेंटों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिसे अम्बाला मंडल, उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK) कहा जाएगा। इच्छुक आवेदक व्यक्ति जो निर्धारित मापदंडों को पूरा करते हैं, वह यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK) के लिए आवेदन कर सकते हैं।
2. यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK) का आवंटन 3 वर्ष के लिए किया जाएगा। जिन स्टेशनों के लिए आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं उनकी सूची निम्न है- चंडीगढ, सहारनपुर, शिमला, अम्बाला छावनी, अम्बाला शहर, पटियाला, भटिंडा, सरहिंद, यमुनानगर जगाधरी, राजपुरा, रूपनगर, नंगल डैम, कालका, सोलन और संगरूर।
3. इस योजना का पूर्ण विवरण जैसे – आवेदन पत्र, मापदंड, नियम और शर्तों, वाईटीएसके के मसौदा समझौते उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.nr.indianrailways.gov.in में उपलब्ध है।
4. आवेदक द्वारा सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ आवेदन-पत्र को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय के वाणिज्य शाखा, उत्तर रेलवे, अम्बाला-134003 में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं।
5. आवेदन पत्र को दिनांक 20.07.2024 से रेलवे की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं जिसे दिनांक 21.08.2024 को 13:00 बजे तक या उसके पहले तक डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन-पत्र दिनांक 20.07.2024 से दिनांक 21.08.2024 को समय 15:00 बजे तक स्वीकार्य किये जायेंगे, जिसे दिनांक 21.08.2024 को समय 15:30 बजे खोला जाएगा। ऐसे आवेदन-पत्र जो कि दिनांक 21.08.2024 को 15:00 बजे के बाद प्राप्त होंगे, उस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सं.: C-37/YTSK/UMB Division/2023 दिनांक: 16.07.2024 2194/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**बागवानी विभाग (हरियाणा)**
प्रदर्शन सह खाद्य संस्करण केन्द्र,
पुराना कोर्ट रोड, निकट योगा आश्रम सिरसा
ई-मेल - ftsirsagmail.com

**भर्ती अधिसूचना (प्रतिदिन मानदेय आधार पर रिसोर्स पर्सन)**

प्रदर्शन सह खाद्य संस्करण केन्द्र, सिरसा (बागवानी विभाग हरियाणा) हेतु प्रशिक्षण अधिकारी / प्रशिक्षक के पद हेतु भर्ती

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम/एक्सपर्ट | प्रशिक्षण अधिकारी / प्रशिक्षक |
| 2. | पद की सं./व्यक्ति की सं. अपेक्षित : | 1 |
| 3. | अवधि : | वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अथवा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण की पूर्णता तक |
| 4. | योग्यता : | बी.एससी. (खाद्य विज्ञान) / बी.एससी. ऑनर्स बागवानी / बी.एससी. ऑनर्स कृषि अथवा एम.एससी. (खाद्य विज्ञान) अनुभवी महिला उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 5. | कार्य अनुभव : | फल एवं सब्जी प्रसंस्करण एवं संरक्षण के क्षेत्र में स्पेशियलाइजेशन। उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास कम से कम 2 वर्ष का प्रैक्टिकल अनुभव होगा। |
| 6. | वेतन : | विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप। |
| 7. | आवेदन तिथि : | अन्तिम तिथि : 23.07.2024 (दस्ती तौर पर कार्यालय में अप. 3:00 बजे तक) |
| 8. | साक्षात्कार तिथि, समय और स्थान : | 23.07.2024 अप. 4.00 बजे फूड टेक्नोलॉजिस्ट, सिरसा के कार्यालय में। |

उम्मीदवार को साक्षात्कार के समय सभी मूल दस्तावेजों सहित सत्यापित छायाप्रतियां अवश्य लानी चाहिएं। किसी विवरण के लिए, खाद्य प्रौद्योगिकी लैब, सिरसा के कार्यालय में सम्पर्क करें अथवा मोबाइल नं. 9996788113 पर सम्पर्क करें। सेवा के नियम व शर्तें साक्षात्कार के समय सूचित किए जाएंगे।

फूड टेक्नोलॉजिस्ट
पीआरडीएच-1149/11/648/2025/28033/88/6 दि. 19.07.24 सिरसा




## खबर संक्षेप

### इस बार के स्वतंत्रता दिवस की थीम होगी 'विकसित भारत'

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** इस वर्ष भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस की थीम 'विकसित भारत' है। इसका संबंध सरकार के सुधारों के विजन के साथ देश को वर्ष-2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने से है। यह जानकारी शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ए. भारत भूषण बाबू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में एक पोस्टर को भी शेयर किया है। जिसमें लाल किला और विकसित भारत का नारा दर्शाया गया है।

### बिलकीस बानो मामले में सुको का याचिका पर विचार से इनकार किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने बिलकीस बानो मामले में 11 में से दो दोषियों की ओर से सजा में दी गई छूट को रद्द करने के शीर्ष अदालत के आठ जनवरी के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका को ''पूरी तरह से गलत'' करार दिया और कहा कि वह शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ अपील पर कैसे गौर कर सकती है। पीठ ने कहा, '' यह क्या याचिका है? कैसे इस याचिका पर सुनवाई की जा सकती है। यह पूरी तरह से गलत है।

## संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत गवर्नर को विशेष सुविधा का प्रावधान

# राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने वाले प्रावधान की समीक्षा होगी

### सीजेआई ने एजी वेंकटरमणि से सहयोग मांगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने वाले संवैधानिक प्रावधान की समीक्षा करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जता दी है। संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत राज्यपाल को आपराधिक अभियोजन से छूट मिली हुई है।

कोर्ट ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला कर्मचारी की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही कोर्ट मामले से निपटने में अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि से सहयोग करने को कहा। कोर्ट ने बंगाल राजभवन की महिला कर्मचारी से कहा कि वह अपनी याचिका में केंद्र को भी पक्षकार बनाए। दरअसल, महिला ने राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

### *शीर्ष कोर्ट में छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला की अर्जी पर होगी सुनवाई*



#### सीजेआई की पीठ करेगी मामले की सुनवाई

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने मामले की सुनवाई करने पर सहमति जताई। यह अनुच्छेद संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का अपवाद है और प्रावधान करता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने पद के तहत प्राप्त शक्तियों के इस्तेमाल और कर्तव्यों के लिए किसी भी अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं हैं। याचिकाकर्ता ने आपराधिक अभियोजन से छूट प्रदान करने के संबंध में निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया है।

#### वकील के नेकबैंड न पहनने पर भड़के सीजेआई

#### क्या यहां कोई फैशन परेड चल रही?



सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक वकील को पूरी यूनिफॉर्म न पहनने पर टोक दिया। डीवाई चंद्रचूड़ ने जब देखा कि वकील ने अपना नेकबैंड नहीं पहन रखा है तो उन्होंने कहा कि क्या यहां कोई फैशन परेड चल रही है?भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को एक वकील को अपने नेकबैंड के बिना कोर्ट रूम में आने के लिए फटकार लगाई। सुनवाई के दौरान वकील ने अतिक्रमण से संबंधित मामला उठाया और कहा कि यह अत्यावश्यक है।

### महिला कर्मचारी ने लगाया था आरोप

#### राज्यपाल बोस की बढ़ सकती हैं मुश्किलें



आपराधिक अभियोजन झेल रहे राज्यपालों को अब झटका लग सकता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संविधान के अनुच्छेद 361 की रूपरेखा की जांच पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है। इस अनुच्छेद के तहत राज्यपालों को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूर्ण छूट मिलती है। मामले में बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

#### *बंगाल सरकार को नोटिस जारी*

*मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार को एक संविदा महिला कर्मचारी की याचिका पर नोटिस भी जारी किया। महिला ने राज्य के राज्यपाल बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला ने राज्यपाल को 'प्रतिरक्षा' प्रदान करने वाले संविधान के अनुच्छेद 361 की न्यायिक जांच की मांग की थी, जिससे निटपने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि की सहायता मांगी। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल 'राजभवन' की महिला कर्मचारी से कहा कि वह अपनी याचिका में केंद्र को भी पक्षकार बनाए।*

#### *राज्यपाल के खिलाफ मानहानिकारक बयान पर रोक के आदेश के खिलाफ ममता ने अपील दायर की*

***कोलकाता(भाषा)।*** *पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के समक्ष अपील दायर करके एकल पीठ के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें उन्हें और तीन अन्य को राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस के खिलाफ कोई मानहानिकारक या गलत बयान देने से रोक दिया गया था। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने राज्यपाल द्वारा दायर मानहानि वाद पर मंगलवार को यह अंतरिम आदेश पारित किया था। तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण से जुड़े विवाद पर बोलते हुए बनर्जी ने कुछ टिप्पणियां की थीं, जिसके खिलाफ बोस ने वाद दायर किया है। बनर्जी ने एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी, जो 14 अगस्त तक के लिए है। अब इसे एक खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।*

## भारत-यूक्रेन के विदेश मंत्रियों के बीच हुई वार्ता

# 'रणनीतिक स्वायत्तता' के मुद्दे पर अमेरिका को भारत की दो टूक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच रूस में हुई हालिया द्विपक्षीय बैठक के बाद भारत के संदर्भ में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी द्वारा दिए गए संघर्ष के समय पर रणनीतिक स्वायत्तता के मायने खत्म होने के बयान पर शुक्रवार को भारत ने स्पष्ट रूप से अपना रुख साफ किया है। राजधानी में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बाकी देशों की तरह ही भारत के लिए उसकी रणनीतिक स्वायत्ता कीमती है और हम उसका मान रखते हैं। अमेरिका के राजदूत को अपने विचार रखने का अधिकार है। लेकिन हमारे भी अपने अलग विचार हैं। अमेरिका के साथ भारत की व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी हमें यह स्वतंत्रता प्रदान करती है कि एक-दूसरे के विचारों और नजरिए का सम्मान करते हुए हम कुछ मुद्दों पर अपनी सहमति और असहमति जता सकते हैं। दरअसल एरिक गार्सेटी ने कहा था कि वह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का सम्मान करते हैं। लेकिन संघर्ष के समय पर इसका कोई अर्थ नहीं है।

युद्ध और और संघर्ष के समय पर हमें केवल शांति के लिए ही नहीं खड़े रहना चाहिए। बल्कि शांति के खिलाफ खड़े लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

**भागीदारी में कई विषयों पर होती चर्चा:** उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बनी हुई रणनीतिक भागीदारी में कई विषयों पर चर्चा होती रही है।

## ओमान के समुद्र में डूबे तेल टैंकर में सवार 6 लापता लोगों की तलाश जारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

इस सप्ताह की शुरुआत में ओमान के समुद्र में डूबे कोमोरोस के ध्वज वाले एक तेल टैंकर एमवी प्रेस्टीज फाल्कन के चालक दल में शामिल 6 लापता लोगों को ढूंढने के लिए भारतीय नौसेना का ओमान की समुद्री सुरक्षा केंद्र के साथ राहत एवं बचाव अभियान जारी है। यह जानकारी शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि यह जहाज पिछले 15 जुलाई को ओमान के रस मदरका से दक्षिण पूर्व में 25 समुद्री मील की दूरी पर डूबा था। तब उसमें चालक दल के कुल 16 सदस्य सवार थे। इनमें 13 भारतीय और 3 श्रीलंका के नागरिक शामिल हैं। मध्य पूर्व में अपनी नियमित रणनीतिक तैनाती के लिए मौजूद नौसेना के युद्धपोत आईएनएस तेग और लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमान पी8आई ने ओमान के सुरक्षा केंद्र के साथ मिलकर इस हादसे में लापता हुए लोगों की तलाश के लिए यह अभियान चलाया हुआ है। इसकी वजह से अब तक कुल 9 लोगों को सुरक्षित बचाया जा चुका है। इनमें 8 भारतीय और 1 श्रीलंका का नागरिक शामिल है।

### एनसीआर समेत कई जगहों पर छापेमारी

# दिल्ली पुलिस ने किडनी गिरोह का किया भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

भाषा ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) समेत कई जगहों पर छापेमारी के बाद पुलिस ने एक अंतरराज्यीय किडनी प्रत्यारोपण गिरोह का भंडाफोड़ किया और उसके सरगना सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गिरोह की गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए एक सप्ताह तक अभियान चला कर आरोपियों को धर दबोचा गया। गिरोह के सदस्यों के अलावा सात अन्य लोगों को भी पकड़ा गया जिनमें किडनी दान करने वाले और प्राप्त करने वाले शामिल हैं। उन्हें एक निश्चित तिथि पर अधिकारियों के समक्ष पेश होने को कहा गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग एक ऐसे गिरोह का हिस्सा हैं, जो दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और गुजरात के कई अस्पतालों में जाली दस्तावेजों के आधार पर प्रत्यारोपण करवाते थे। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने बताया कि किडनी दान करने वाले निम्न आय वर्ग के लोग हैं, जो पैसे के बदले अंग दान करते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने किडनी दान करने वालों को प्राप्तकर्ता का करीबी रिश्तेदार दिखाने के लिए जाली दस्तावेज बनाए।

### एक ट्रांसप्लांट के लेते थे 40 लाख रुपये



#### *किडनी दान करने वालों को पांच लाख रुपये से छह लाख के बीच भुगतान का करते थे वादा*

*गोयल ने बताया कि अंग दान और प्रत्यारोपण के लिए मरीज का करीबी रिश्तेदार होना अनिवार्य प्रावधानों में से एक है। गोयल ने बताया कि किडनी दान करने वालों को पांच लाख रुपये से छह लाख रुपये के बीच भुगतान करने का वादा किया गया था लेकिन गिरोह के सदस्यों ने किडनी प्राप्त करने वालों से 35 से 40 लाख रुपये वसूले। गोयल ने बताया कि आरोपी संगठित तरीके से पहले प्रतिष्ठित अस्पतालों में प्रत्यारोपण समन्वयक के तौर पर नौकरी करते थे। फिर, वे या तो प्रशिक्षित हो जाते थे या किडनी प्रत्यारोपण के लिए अस्पताल द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया सीख लेते थे।" अधिकारी ने बताया, "वे किडनी की बीमारी से पीड़ित मरीजों की पहचान करते थे और दिल्ली, फरीदाबाद, मोहाली, पंचकूला, आगरा, इंदौर और गुजरात के विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराते थे।" मामले की जांच और एक सप्ताह तक चले अभियान के दौरान दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पाया कि गिरोह अलग-अलग राज्यों के 11 अस्पतालों में किडनी प्रत्यारोपण करवाने में सफल रहा।गोयल ने बताया, "हमने अवैध किडनी प्रत्यारोपण में शामिल गिरोह के आठ लोगों को गिरफ्तार किया है और सात अन्य लोगों को भी पकड़ा है।" उन्होंने बताया कि इन गिरफ्तारी के साथ ही अवैध किडनी प्रत्यारोपण के 34 मामलों की पहचान की गई है। अधिकारी ने बताया कि जब महिला ने पति के लिए किडनी दान करने वाले व्यक्ति को खोजने की खातिर संदीप आर्य और विजय कश्यप उर्फ सुमित को 35 लाख रुपये का भुगतान किया तब अपराध शाखा ने मामले की जांच शुरू की।*

## अमेरिका में भारत के राजदूत होंगे पूर्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पूर्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा की अमेरिका में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्ति कर दी है। वह जल्द ही वाशिंगटन में अपना कार्यभार संभालेंगे। अमेरिका में भारतीय राजदूत का यह पद जनवरी-2024 से पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू की सेवानिवृत्ति के बाद से बीते करीब छह महीने से रिक्त था। विनय क्वात्रा 1 मई 2022 से 14 जुलाई 2024 तक भारत के विदेश सचिव के पद पर रहे। वह भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वर्ष 1988 बैच के अधिकारी हैं। अपने तीन दशक से अधिक के करियर में उन्होंने राजधानी में विदेश मंत्रालय के अलावा दुनिया के कई देशों में कूटनीति से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वाह किया है। इसमें वह संयुक्त राष्ट्र से लेकर फ्रांस, चीन, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## बांग्लादेश में जारी प्रदर्शन उसका आंतरिक मामला: विदेश मंत्रालय

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शनों को भारत ने बांग्लादेश का आंतरिक मामला बताते हुए कहा है कि मौजूदा हालात के बीच वहां रह रहे सभी 15 हजार भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। इनमें 8 हजार 500 छात्र शामिल हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर पूरी स्थिति की गंभीरता के साथ निगरानी कर रहे हैं। यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा इस मामले पर पूछे गए सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में चल रहे प्रदर्शनों की वजह से वहां तनाव है। फिलहाल वहां हमारे कुल 15 हजार भारतीय नागरिक रह रहे हैं। इनमें से साढ़े आठ हजार छात्र भी शामिल हैं। इनमें से कुछ मेडिकल की शिक्षा ले रहे हैं।

#### बांग्लादेश से 245 भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली (भाषा)।** बांग्लादेश में रह रहे 8,500 छात्रों सहित 15,000 भारतीय सुरक्षित हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग वहां रह रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से शुक्रवार रात आठ बजे तक 245 भारतीय सुरक्षित भारत लौट आए, जिसमें से 125 छात्र हैं।




### एनसीओआरडी की बैठक में बोले गृहमंत्री अमित शाह

# भारत में ड्रग्स रोकने के लिए सरकार प्रतिबद्ध




**नई दिल्ली।** ड्रग्स तस्करी के खिलाफ अभियान में आम जनता की सहभागिता बढ़ाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस' लांच किया। इस हेल्पलाइन की मदद से कोई भी व्यक्ति ड्रग्स की तस्करी से संबंधित जानकारी एजेंसियों के साथ साझा कर सकता है।

#### शाह ने फिर दोहराया नशा मुक्त भारत का संकल्प

नशा मुक्त भारत के मोदी सरकार के संकल्प को दोहराते हुए अमित शाह ने स्पष्ट किया कि सभी एजेंसियों का लक्ष्य सिर्फ ड्रग्स का उपयोग करने वालों को पकड़ने का नहीं, बल्कि इसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने का होना चाहिए। ड्रग्स की सप्लाई के मामले में कठोर, ड्रग्स की मांग करने के मामले में रणनीतिक और ड्रग्स के नुकसान को कम करने के मामले में मानवीय दृष्टिकोण से काम करना होगा।

#### आपसी तालमेल के साथ होगी कार्रवाई

शाह ने कहा कि इस पर मिलने वाली जानकारी को पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा और उसके आधार पर एजेंसियां आपसी तालमेल के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि मानस हेल्पलाइन का विस्तार सभी राज्यों में होने के बाद एजेंसियों के बीच सहयोग और समन्वय अगले स्तर पर पहुंच जाएगा। सभी भारतीयों के सहयोग से ही ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को जीता जा सकता है।

**ड्रग्स की कमाई वाले पैसे को शाह ने बताया गंभीर खतरा**

उन्होंने कहा कि ड्रग्स का पूरा कारोबार अब नार्को टेरर के साथ जुड़ गया है। ड्रग्स की कमाई से आने वाला पैसा देश की सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है और सरकार इसे पूरी तरह से रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर उन्होंने श्रीनगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के क्षेत्रीय कार्यालय का

**मानस हेल्पलाइन लॉन्च**

'मानस' हेल्पलाइन को लॉन्च करते हुए अमित शाह ने कहा कि इस पर तीन तरह से आम लोगों को ड्रग्स की तस्करी से संबंधित सूचना साझा करने की सुविधा दी गई है। इनमें एक 1933 हेल्पलाइन नंबर है, जिस पर फोन कर जानकारी दी जा सकती है। मानस पोर्टल पर 'सबमिट ए टिप' सेक्शन में जाकर जानकारी साझा की जा सकती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25